

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 14 जून 2025 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष -41 ■ अंक-077 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 15 जून 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## इजराइल और ईरान के बीच जारी हमलों से बिगड़ते हालात

**तेहरान,14 जून।** आज तड़के ईरान और इज़राइल ने एक-दूसरे पर जोरदार मिसाइल और हवाई हमले किये और जिस तरह से अब इस लड़ाई में अमेरिका ने भी सीधा दखल दे दिया है उससे क्षेत्रीय युद्ध के फैलने का खतरा बढ़ गया है। हम आपको बता दें कि इज़राइल ने अपने दुश्मन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला शुरू किया है ताकि उसे परमाणु हथियार विकसित करने से रोका जा सके तो वहीं ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई में इजराइल में दनादन मिसाइल हमले किये हैं। बताया जा रहा है कि ईरानी हमले में तीन इजराइली मारे गये हैं और कुछ लोग घायल हुए हें। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक इज़राइल के कई शहरों में जिनमें तेल अवीव और यरुशलम भी शामिल हैं, वहां हवाई हमले के सायरन बजने लगे। लोग बंकरों की ओर भागे, जबकि ईरानी मिसाइलों की लहरें आकाश में दिखाई दीं और इज़राइली इंटरसेप्टर उन्हें रोकने के लिए उड़ान भरते नजर आए। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात के दो हमलों के बाद ईरान ने आज हमलों की नई लहरें शुरू कीं। इनमें से एक हमला आज तड़के इज़राइल के व्यावसायिक केंद्र तेल अवीव पर हुआ, जिसकी गूंज यरुशलम तक सुनी गई। ये हमले इज़राइल द्वारा किए गए उन हमलों की प्रतिक्रिया में थे, जिनमें ईरानी कमांडरों, परमाणु वैज्ञानिकों, सैन्य ठिकानों और परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया गया था।



इज़राइल की एम्बुलेंस सेवा के अनुसार, एक मिसाइल के घरों के पास गिरने से एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। टीवी पर देखा गया कि बचाव दल तेल अवीव के बाहर स्थित रिषोन लेज़ियोन शहर में नष्ट हुए अपार्टमेंटों के मलबे में जीवित लोगों की तलाश कर रहे थे। इज़राइल के रक्षा मंत्री इज़राइल काट्ज़ ने कहा है कि ईरानी नेतृत्व ने नागरिकों पर हमला करके "लाल रेखा पार कर दी है" और इसके लिए उन्हें "भारी कीमत चुकानी पड़ेगी"। बताया जा रहा है कि ईरान समर्थित हूथी मिलिशिया द्वारा यमन से दागी गई एक मिसाइल ने इज़राइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में पांच फ़िलिस्तीनियों को मार डाला है जिनमें तीन बच्चे भी शामिल थे। यह जानकारी फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट ने दी है।

ईरान के ठिकानों पर किये गए हमले के बाद खाड़ी देश की ओर से जवाबी कार्रवाई किये जाने की आशंका के मद्देनजर अमेरिका अपने युद्धपोतों सहित सैन्य संसाधनों को पश्चिम एशिया की ओर स्थानांतरित कर रहा है। अमेरिका के दो अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नौसेना ने विध्वंसक पोत यूएसएस थॉमस हडनर को पूर्वी भूमध्य सागर की ओर बढ़ने का निर्देश दिया है तथा दूसरे विध्वंसक पोत को भी आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है, ताकि व्हाइट हाउस द्वारा अनुरोध किए जाने पर वे उपलब्ध हो सकें। एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप स्थिति पर चर्चा करने के लिए अपने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुखों के साथ बैठक कर रहे हैं।

## संक्षेप

### राजधानी में चोरी-छिपे रह रहा बांग्लादेशी परिवार गिरफ्तार

**रायपुर,14 जून।** राजधानी के टिकरापारा थाना क्षेत्र में चोरी-छिपे सालों से रह रहे बांग्लादेशी परिवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. फर्जी दस्तावेज के जरिए रह रहा बांग्लादेशी परिवार अंडा ठेला लगाकर जीवन यापन करता था. जानकारी के अनुसार, टिकरापारा थाना पुलिस ने बांग्लादेशी मोहम्मद दिलावर खान और उसकी पत्नी परवीन बेगम को बच्चों के साथ गिरफ्तार किया है. धर्मनगर इलाके में किराए का मकान लेकर रहा रहा बांग्लादेशी परिवार मूलतः मुख्तारपुर, थाना मुंशीगंज, बांग्लादेश के मूल निवासी है. बांग्लादेशी परिवार का राजधानी रायपुर में मिलने से पहले ही उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा प्रदेश के प्रत्येक जिले में अवैध रूप से रह रहे लोगों की पहचान करने के लिए एक स्पेशल टास्क फोर्स (STF) के गठन की घोषणा कर चुके हैं, इसके साथ पुलिस को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है.

### मणिपुर में सुरक्षाबलों ने 300 से अधिक राइफल और गोला-बारूद बरामद किया

**इंफाल,14 जून।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने इंफाल घाटी के पांच जिलों से 300 से अधिक राइफल समेत बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार और शनिवार की मध्यरात्रि खुफिया सूचना पर आधारित एक समन्वित अभियान के दौरान मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सेना की संयुक्त टीमों ने बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए। अधिकारी ने कहा कि जब्त की गई वस्तुओं में 151 एसएलआर, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य राइफल, पांच कार्बाइन, दो एमपी5 बंदूकें, 12 हल्की मशीन गन, एके सीरीज की छह राइफल, दो अमोघ राइफल, एक मोर्टार, छह पिस्तौल, एक एआर-15 और दो फ्लेयर बंदूक शामिल हैं।

### राजस्थान और गुजरात में 25 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**नईदिल्ली,14 जून।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजस्थान और गुजरात में 25 ठिकानों पर छापेमारी कार्रवाई की है. राजस्थान में जयपुर, जोधपुर, सीकर, झुंझुनू में ईडी की अलग-अलग टीमों ने सर्च ऑपरेशन चलाया. वहीं, गुजरात के अहमदाबाद व अन्य जगहों पर भी ईडी की टीमों ने कार्रवाई की. हालांकि, यह कार्रवाई गुरुवार को की गई थी. अब आज ईडी ने इस मामले में आधिकारिक बयान जारी किया है.इसमें बताया गया कि नेक्सा एवरग्रीन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एजेंसी ने गुजरात और राजस्थान में 25 ठिकानों पर सर्च अभियान चलाया. जयपुर, सीकर, झुंझुनू समेत 25 ठिकानों पर छापेमारी कर संदेहास्पद रिकॉर्ड, डिजिटल उपकरणों के साथ 2.04 करोड़ की नकदी जब्त की गई है.



## कांकेर में परिवार ने खाया जहर, तीन बच्चों की मौत, दंपति की हालत गंभीर

**कांकेर,14 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी है। जहां एक परिवार ने सामुहिक आत्महत्या करने की कोशिश की। जिसमें तीन बच्चों की मौत हो गयी है और दंपत्ति गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि माता-पिता फिलहाल अस्पताल में गंभीर हालत में हैं। और तीन नाबालिग भाई-बहनों की मौत हो गई। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक ही परिवार के पांच लोगों ने जहर खा लिया जिससे तीन बच्चों की मौत हो गई है तथा दंपति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना शुक्रवार रात परतापुर थाना क्षेत्र में चंद्रपुर ग्राम पंचायत के 'परलकोट विलेज-70' की है जहां गांव के निवासी देवेंद्र बैरागी (36) ने खाने में जहर मिलाकर अपने बच्चों दीप्ती बैरागी (12), जुतिका बैरागी (नौ) और देवराज बैरागी (छह) को खिला दिया। उन्होंने बताया कि इसके बाद बैरागी और उसकी पत्नी ने भी जहर खा लिया।

### जमीन पर बिछे एक बिस्तर पर तीन बच्चों के शव

अधिकारियों ने बताया कि तीनों बच्चों की मौत हो गई है तथा पति-पत्नी को गंभीर हालत में पंखाजूर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर लिए गए फोटो में देखा जा सकता है कि घर में जमीन पर बिछे एक बिस्तर पर तीन बच्चों के शव हैं तथा शवों के करीब थालियों में भोजन परोसा हुआ है।

### शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा

अधिकारियों ने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उन्होंने बताया, ''शुरुआती जांच के अनुसार परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। संभवतः इसी वजह से परिवार ने यह कदम उठाया।'' अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।


## बाबुओं के भरोसे चल रहे राज्य के 87 नगरीय निकाय

### सहायक राजस्व अधिकारी निभा रहे सीएमओ की जिम्मेदारी

### नगरीय प्रशासन विभाग कि इस कार्य प्रणाली से इंजीनियरों और स्वास्थ्य अधिकारियों में असंतोष

**रायपुर,14जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

वाकई यह खबर चौंकाने वाली है कि छत्तीसगढ़ की 87 नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में सीएमओ नहीं हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने इनमें से अधिकांश जगहों पर सहायक राजस्व अधिकारियों को सीएमओ बनाकर बिठा दिया है। इनमें दंतेवाड़ा, सुकमा, कोंडागांव जशपुर जैसे बड़े अहम जिला मुख्यालय वाली नगरपालिकाएं भी शामिल हैं। दंतेवाड़ा को बाबू चला रहे हैं तो कोंडगांव को सहायक राजस्व निरीक्षक और जशपुर को राजस्व निरीक्षक। जिला मुख्यालय वाले 10 अहम नगरपालिकाओं में सुकमा, सारंगढ़, जशपुर, खैरागढ़, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, मनेंद्रगढ़ और कोंडागांव शामिल हैं। इन दसों में से एक में भी सीएमओ कैडर का अफसर नहीं है। किसी में सहायक वर्ग-2 के बाबू तो किसी में सहायक राजस्व निरीक्षक को सीएमओ की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। इससे इन निकायों में होने वाले कई तरह के विकास कार्यों पर भी सीधा असर पड़ रहा है.नगरीय प्रशासन विभाग की लापरवाही का एक बड़ा नमूना यह भी है कि नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में पोस्टेड इंजीनियर और स्वास्थ्य अधिकारी बाबुओं और सहायक राजस्व निरीक्षकों के अधीन रहकर काम कर रहे हैं। जबकि, इंजीनियर और स्वास्थ्य अधिकारी का ग्रेड पे 5400 है और मोहर्रिर का 1900। याने पांच ग्रेड नीचे के बाबुओं के अंडर में उन्हें काम करना पड़ रहा है। नगरीय निकायों के इंजीनियर और स्वास्थ्य अधिकारी इस व्यवस्था से काफी नाराज है। सूत्र बताते हैं कि जल्द ही वे इस व्यवस्था के खिलाफ कोई बड़ा कदम उठाएंगे।



## अंतरिक्ष यात्रा पर जाएंगे शुभांशु शुक्ला नई तारीख की हो गई घोषणा

**नई दिल्ली,14 जून।** भारतीय वायुसेना के पायलट और इसरो के नए नवेले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अब 19 जून 2025 को अंतरिक्ष के लिए रवाना होंगे। Ax-04 मिशन की लॉन्चिंग की नई तारीख की आधिकारिक पुष्टि की गई है। इसे पहले अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। इसे फ्लोरिडा स्थित नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। आपको बता दें कि यह Axiom Space, SpaceX और ISRO का संयुक्त मिशन है। इसके साथ ही शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) की यात्रा करने वाले भारत के चुनिंदा अंतरिक्ष यात्रियों में शामिल हो जाएंगे। इससे पहले Falcon 9 रॉकेट में लिक्विड ऑक्सीजन लीकेज की समस्या सामने आई थी.

## नीट -2025 का रिजल्ट जारी राजस्थान के महेश ने किया टॉप




नई दिल्ली,14 जून। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट-यूजी-2025 का रिजल्ट जारी कर दिया। राजस्थान के हनुमानगढ़ के महेश केसवानी ने टॉप किया है। उन्हें 720 में से 686 मार्क्स मिले हैं। इंदौर के उत्कर्ष अवधिया की दूसरा , महाराष्ट्र के कृषांग जोशी की तीसरी रैंक आई है। टॉप 10 में एक छात्रा है। नीट-यूजी-2025 का एग्जाम 4 मई को हुआ था। 20.08 लाख स्टूडेंट्स शामिल हुए थे. टॉपर्स की सूची में दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र के कई छात्रों ने भी जगह बनाई है।

### टॉप-10 उम्मीदवारों की सूची

| रैंक | अभ्यर्थी का नाम | राज्य |
|---|---|---|
| 1 | महेश कुमार | राजस्थान |
| 2 | उत्कर्ष अवधिया | मध्य प्रदेश |
| 3 | कृषांग जोशी | महाराष्ट्र |
| 4 | मृणाल किशोर झा | दिल्ली |
| 5 | अविका अग्रवाल | दिल्ली |
| 6 | जेनिल विनोदभाई भायानी | गुजरात |
| 7 | केशव मित्तल | दिल्ली |
| 8 | झा भाव्या चिराग | महाराष्ट्र |
| 9 | हर्ष केदावत | दिल्ली |
| 10 | आरव अग्रवाल | महाराष्ट्र |

## मासूम को ई-रिक्शा ने कुचला, मौत

**दुर्ग,14 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

दुर्ग के उरला में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां महज ढाई साल के बच्चे की ई-रिक्शा के नीचे दबकर मौत हो गई। मामले में बताया गया कि, ई-रिक्शा चालक नशे में धुत होना बताया जा रहा है। वहीं घटना के बाद आरोपी फरार है। जिसके बाद मोहन नगर थाना पुलिस जांच में जुटी है। दरअसल, दुर्ग के उरला बांबे आवास में रहने वाले परिवार के ढाई साल का बच्चा खुशान दास मानिकपुरी घर के सामने अन्य छोटे बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान इसी क्षेत्र का रहने वाला आरोपी अजय विश्वकर्मा नशे में धुत ई-रिक्शा चलाते हुए खेल रहे बच्चे पर चढ़ा दिया। जिससे घटना में मासूम बुरी तरह दब गया। वहीं कुछ दूर पर बैठे बच्चे के चाचा ने आवाज सुनकर चक्के के नीचे दबे बच्चे को बाहर निकाला और मासूम को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया।इस हादसे में मासूम बच्चे के सिर,रीढ़ की हड्डी, हाथ पैर में गंभीर चोट आई है। इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। वहीं घटना के बाद आरोपी चालक उल्टा चाचा को धमकाने लगा। घटना के बाद से ही क्षेत्र के लोगों में आक्रोश और मातम पसरा हुआ है। मोहन नगर थाना पुलिस ने घटना के बाद ई- रिक्शा जब्त कर लिया है। वहीं आरोपी अजय विश्वकर्मा फरार है जिसकी

## वाटरफॉल्स पर नहाने या सेल्फी लेने पर अब होगी जेल !

**मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर।** छत्तीसगढ़ के वाटरफॉल्स में अब सेल्फी लेने और नहाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. पुलिस प्रशासन ने सख्त चेतावनी जारी की है कि अगर कोई भी जलप्रपात के आसपास नहाते हुए या सेल्फी लेते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा. दरअसल, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में कई खूबसूरत झरने और नदी हैं. अमृतधारा वाटफॉल, रमदहा तथा कर्म घोंघा वाटफॉल्स जिले के प्रमुख जलप्रपात हैं, जिन्हें देखने के लिए काफी संख्या में पर्यटक दूर-दूर से पहुंचते हैं. लेकिन फोटो-वीडियो और झरने में नहाते हुए कई लोग अपनी जान गवां देते हैं. इन हादसों को रोकने के लिए ही एमसीबी पुलिस ने पर्यटकों के सुरक्षा के मद्देनजर यह चेतावनी जारी की है. बता दें, हादसों को रोकने के लिए बीते दिनों तहसीलदार समीर शर्मा के नेतृत्व में अमृतधारा जलप्रपात पर कार्रवाई भी की गई थी. मनेंद्रगढ़ बस स्टैंड के पास रहने वाले कृष गुप्ता (उम्र 19 वर्ष), पिता-राजेंद्र प्रसाद गुप्ता और लोको कॉलोनी मनेंद्रगढ के निवासी मोहम्मद अरशद (उम्र 20 वर्ष ), पिता समीम कुरैशी अमृतधारा जलप्रपात पहुंचे थे. इस दौरान पुलिस ने उन्हें जलप्रपात के नीचे पानी के बेहद करीब नहाते हुए देखा. जिसके बाद पुलिस ने तत्काल दोनों को गिरफ्तार किया.



## मानसून ने पकड़ी रफ्तार

### रायपुर-दुर्ग समेत 14 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी, 60 किमी रहेगी हवा की रफ्तार

**रायपुर,14 जून।** राजधानी समेत प्रदेश के विभिन्न इलाकों में शनिवार को बारिश होगी। दंतेवाड़ा में 28 मई से अटका मानसून भी आगे बढ़ सकता है। प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में गर्मी तो कम हुई है, लेकिन उमस ने लोगों का पसीना निकाल दिया है। बारिश होने के बाद उमस कम होने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज 14 जिलों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं अन्य जिलों में बिजली गिरने का यलो अलर्ट है। इन जिलों में 50 से 60 किमी की रफ्तार से हवा चल सकती है। कहीं-कहीं बौछारें भी पड़ सकती है। रायपुर, दुर्ग, धमतरी, महासमुंद, बस्तर और बीजापुर में हल्की बारिश की भी संभावना जताई गई है। साथ ही बिजलनी गिरने का भी अलर्ट जारी किया गया है। भारतीय मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि इस वर्ष मानसून की चाल थोड़ी सुस्त जरूर रही, लेकिन अब इसकी गति तेज हो रही है। उम्मीद की जा रही है कि 15 जून तक मानसून पूरे छत्तीसगढ़ को कवर कर लेगा और एकसमान बारिश का दौर शुरू होगा। इससे किसानों, आम लोगों और गर्मी से बेहाल जनजीवन को बड़ी राहत मिलने की संभावना है।

### प्रदेश में अब तक 66 फीसदी बारिश कम

प्रदेश में अब तक महज 13.4 मिमी पानी गिरा है। जबकि 39.3 मिमी पानी गिर जाना था। यह सामान्य से 66 फीसदी कम है। वहीं रायपुर में 25.1 मिमी पानी गिरा है। जबकि अब तक 26.8 मिमी बारिश हो जानी थी। हालांकि यह सामान्य से 6 फीसदी ही कम है.

## प्लेन क्रैश में यात्रियों के अलावा 33 लोगों की मौत

**अहमदाबाद,14 जून।** प्लेन क्रैश में शनिवार तक 274 लोगों के मरने की खबर है। इसमें प्लेन सवार यात्रियों के अलावा जमीन के लोग भी शामिल हैं, क्योंकि प्लेन बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर गिरा था। इस कारण कई डॉक्टर, स्टूडेंट, कर्मचारी समेत अन्य लोगों की भी मौत हो गई थी। टाटा ग्रुप ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार वालों को 1-1 करोड़ रुपये मुआवजा दिलाने का ऐलान किया था। अब सवाल यह है कि क्या जमीन में जान गंवाने वाले मृतकों के परिवार वालों को भी एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा मिलेगा। टाटा समूह के अनुसार, जमीन पर जान गंवाने वाले लोग (यानी जो प्लेन में सवार नहीं थे) भी एक-एक करोड़ रुपये के मुआवजे के पात्र होंगे। इसके साथ ही टाटा समूह ने ऐलान किया था कि दुर्घटना में घायल हुए लोगों का चिकित्सा खर्च भी उठाएगा। उनकी तरफ से इस बात को तय किया जाएगा कि घायल व्यक्तियों को उनकी ज़रूरत के अनुसार सभी देखभाल और सहायता मिले।



टाटा बी जे मेडिकल के हॉस्टल की बिल्डिंग को भी मरम्मत कराने के लिए सहायता प्रदान करेगा, क्योंकि इमारत ड्रीमलाइनर दुर्घटना में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। विमान में सवार 241 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मौत की खबर सामने आ चुकी है। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति जीवित बचा है। बाकी 33 पीड़ित संभवतः दुर्घटना के समय अहमदाबाद के बी जे मेडिकल कॉलेज के परिसर में मौजूद व्यक्ति थे। जब पूछा गया कि क्या टाटा वित्तीय मुआवजे से परे कोई सहायता प्रदान करेगा जैसे कि परिजनों को नौकरी की पेशकश करना, तो एक अधिकारी ने कहा, "फिलहाल कुछ भी तय नहीं किया गया है। हम अभी भी स्थिति का आकलन कर रहे हैं और जांच शुरू हो गई है।

### क्रैश होने से पहले पायलट ने एटीसी को क्या कहा आया सामने

अहमदाबाद. प्लेन क्रैश मामले में विमान के पायलट सुमित सभरवाल का एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को भेजा गया आखिरी मैसेज सामने आया है। 5 सेकेंड के इस मैसेज में सुमित ने ATC से संपर्क साधते हुए कहा- मेडे, मेडे, मेडेङ्ग थ्रस्ट नहीं मिल रहा है। पावर कम हो रही है। प्लेन उठ नहीं रहा है। नहीं बचेंगे। सुमित के इतना कहते ही विमान मेडिकल कॉलेज की हॉस्टल की बिल्डिंग से जा कटराया। इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 275 पहुंच गई है। 241 विमान सवार और मेडिकल कॉलेज के 34 लोगों की मृत्यु हुई है। एक्सपर्ट्स भी तकनीकी खराबी को प्राथमिक तौर पर दुर्घटना का कारण मान रहे हैं। उन्होंने कहा कि विमान के वीडियो से पता चलता है कि विमान को उड़ान भरने के दौरान थ्रस्ट नहीं मिल रहा। जिस वजह से प्लेन उठ नहीं पाया। अहमदाबाद विमान हादसे के बाद नागरिक विमानन महानिदेशालय (DGCA) ने एयर इंडिया को अपने बोइंग विमानों का अतिरिक्त जांच व रखरखाव करने का निर्देश दिया है

## एक नजर

### बदमाशों पर शिकंजा कसने के आदेश



**भिलाई, 14 जून।** जिला पुलिस कप्तान ने निगरानी बदमाशों पर शिकंजा कसने के आदेश जारी किए हैं इसके चलते एसएसपी विजय अग्रवाल ने कागजों में फरार चल रहे बदमाशों की उनके घर जाकर तलाश करने के आदेश जारी किए इस काम की जिम्मेदारी डीएसपी रेंज अफसर और थाना प्रभारियों को दी गई है इसके चलते जिले के करीब 800 निगरानी बदमाशों के घर चौकिंग कराई गई दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल का कहना है कि फरार चल रहे निगरानी बदमाशों की भूमिक कई प्रकरणों में सामने आई है। इसके चलते उनकी तलाश शुरू कर दी गई। इसी के तहत निगरानी बदमाशों के घर जाकर परिजनों से उनके संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ये अभियान लगातार चलता रहेगा इसी क्रम में शुक्रवार को एएसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस नियंत्रण कक्ष में दुर्ग अनुविभाग के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी के साथ बैठक ली, जिसमें लंबित अपराध, मर्ग, गुमइंसान की समीक्षा की गई साथ ही शिकायत आवेदनों का त्वरित निराकरण करने का निर्देश दिया इस विशेष रुप से मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने एवं ऑपरेशन तलाश के तहत अधिक से अधिक गुम इंसानों को दस्तयाब करने के लिए कहा गया ।

### महिला पर गर्म तेल फेंकने का मामला सामने आया

**भिलाई, 14 जून।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के इलाके में महिला कलाकार पर गर्म तेल फेंकने का मामला सामने आया है. घायल महिला कलाकार को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. महिला की हालत फिलहाल स्थिर है गर्म तेल फेंके जाने से महिला का चेहरा बुरी तरह से झुलस गया है. डॉक्टर महिला का इलाज कर रहे हैं महिला कलाकार फर फेंका गर्म तेल कैंप-1 नेहरु चौक भिलाई निवासी पीड़ित महिला की शिकायत पर छावनी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार है. फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही है पीड़ित महिला ने बताया कि वो लोक कलाकार है और यूपी में कार्यक्रम कर अपनी बेटी के साथ वापस दुर्ग शहर लौट रही थी महिला जैसे ही बेटी के साथ अपने घर के पास पहुंची पहले से वहां आरोपी खड़ा मिला महिला जबतक कुछ समझ पाती आरोपी ने गर्म तेल महिला के चेहरे पर फेंक दिया. स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची घायल महिला कलाका पीड़ित महिला ने बताया कि आरोपी शख्स उससे जबरन शादी करना चाहता है. लेकिन मैं उससे शादी करना नहीं चाहती. मैं पहले से शादी शुदा हूं और आरोपी को कई बार मना भी कर चुकी हूं. इसके बावजूद वो मुझे परेशान कर रहा था छावनी पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बहुत सारी बातें सामने आई हैं. महिला पहले से आरोपी को जानती रही है. महिला ने जब आरोपी को शादी से मना कर दिया तो उसने कटोरे में रखा गर्म तेल महिला पर डाल दिया अस्पताल से मेमो आने पर जानकारी हुई फॉरेसिक एक्सपर्ट डॉ. मोहन पटेल को मौके पर बुलाया गया मामले में जांच की गई कैंप-1 में रहने छावनी थाना पुलिस को फरार आरोपी की तलाश फिलहाल पुलिस फरार आरोपी को पकड़ने की कोशिश में जुटी है शिकायत पर पुलिस ने युवक राकेश साहू के खिलाफ धारा 124 (2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### बाइक चोरी करना वाला युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 14 जून।** भिलाई नगर थाने पुलिस ने सशक्त ऐप के माध्यम से चोरी की बाइक को खोज निकाला पुलिस के मुताबिक चोरी करने वाला आरोपी मेकैनिक है पुलिस ने आरोपी रूपेश भारती और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया भिलाई नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि सेक्टर- 2, सड़क-14 निवासी सुयश कुमार शर्मा (29 साल ) ने शिकायत 13 अप्रेल को बाइक चोरी होने की शिकायत की थी मामले में धारा 303(3) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान वाहन चेकिंग में सशक्त ऐप के जरिए बाइक नम्बर मिलते ही बीसी चौक उडिया मोहल्ला निवासी आरोपी रूपेश भारती पिता तेजप्रकाश भारती (19 साल) को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने एक अपचारी साथी के साथ मिलकर वाहन चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया ।

### भिलाई में बनेगा 500 सीटर सेंट्रल लाईब्रेरी सह रीडिंग जोन

**भिलाई, 14 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में 500 सीटर सेंट्रल लाईब्रेरी सह रीडिंग जोन का निर्माण 1142.28 लाख रूपये से किया जाएगा, जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर द्वारा प्रदान की गई है। रीडिंग जोन के माध्यम से 500-1000 युवा प्रतिभागी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पढ़ाई कर सकेंगे। शेष राशि हेमचंद यूनिवर्सिटी के सी.एस.आर मद द्वारा प्रदाय किया जाना है, जिससे उसकी क्षमता 1000 सीटर हो जाएगी। अत्याधुनिक लाइब्रेरी में बायोमेट्रिक सिस्टम के जरिए ही अधिकृत सदस्यों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रतिभागियों को निःशुल्क वाई-फाई की सुविधा भी दी जाएगी। युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए अलग-अलग प्रशिक्षण कक्ष तैयार किया जाएगा।

# रक्तदान देखने में भले छोटा लगे किन्तु मानवता के लिए है मूल्यवान

**भिलाई, 14 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के अंतर्गत संचालित जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र के ब्लड सेंटर द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 13 और 14 जून को स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने एवं सभी के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



इस अभियान के अंतर्गत 13 जून को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 34 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक बी.के. गिरि ने जेएलएनएच एंड आरसी के ब्लड सेंटर में किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रवींद्रनाथ उपस्थित थे। उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. उदय कुमार एवं डॉ. सौरव मुखर्जी भी उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात गिरि ने स्वयं स्वैच्छिक रक्तदान कर इस अभियान में भागीदारी निभाई और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, चिकित्सा अधिकारियों एवं चिकित्सालय स्टाफ एवं बीएसपी सामूहिक को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में बी.के. गिरि ने ब्लड सेंटर एवं पैथोलॉजी विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो देखने में छोटा लगता है, परंतु यह मानवता के लिए अत्यंत मूल्यवान योगदान सिद्ध होता है। इस अवसर पर पैथोलॉजी एवं ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञों की भी उपस्थिति रही, जिनमें सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीषा कांगो, सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं ब्लड सेंटर की प्रभारी डॉ. निली एस. कुजूर, कंसल्टेंट डॉ. राजू भैसारे, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुरमीत सिंह, वरिष्ठ कंसल्टेंट डॉ. प्रिया साहू, कंसल्टेंट डॉ. प्रतीक शिवप्पा एवं कंसल्टेंट डॉ. दीपक दशमोहरा पात्र प्रमुख

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में

# शांति सरोवर में 15 जून से सात दिनी योग महोत्सव

**रायपुर, 14 जून।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा 15 से 21 जून तक विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर में योग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का शुभारम्भ रविवार, 155 जून को सुबह 7 बजे होगा। विषय है- एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए योग समारोह में राजस्व, आपदा प्रबन्धन, युवा एवं खेलकूद मंत्री टंकराम वर्मा, योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम और पं. रविशंकर शुक्ला वि.वि. के कुलपति प्रो. सच्चिदानन्द शुक्ला भाग लेंगे। मूल वक्तव्य ब्रह्माकुमारी चन्द्रकला दीदी का होगा और अध्यक्षता रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी करेंगी।उल्लेखनीय है कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा विगत 39 वर्षों से माह के तीसरे रविवार को पूरे विश्व के 140 देशों में एक साथ और एक ही समय पर सामूहिक योग किया जाता रहा है। इस दिन शाम को 6.30 बजे सारे विश्व में सभी ब्रह्माकुमार और ब्रह्माकुमारिया मिलकर राजयोग के अभ्यास के द्वारा सारे विश्व में शान्ति के प्रकम्पन फैलाते हैं।

22 जून से निःशुल्क राजयोग अनुभूति शिविर-राजयोग सीखने के इच्छुक लोगों के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर और चौबे कालोनी स्थित सेवाकेन्द्र में प्रतिदिन दो सत्रों में सुबह 7 से 8.00 एवं शाम को 7 से 8.00 बजे निःशुल्क सात दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन किया गया है। अपनी सुविधानुसार किसी एक सत्र का चयन कर लाभ लिया जा सकता है।



### अहमदाबाद विमान हादसे में मृत लोगों को दी गई श्रद्धांजलि

**भिलाई, 14 जून।** गुजरात के अहमदाबाद में गुरूवार को बड़ा विमान हादसा हुआ है। एयर इंडिया का विमान अहमदाबाद के मेघाणी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। विमान अहमदाबाद से लंदन के लिए रवाना हुआ था, जिसमें 242 यात्रीगण सवार थे। एयर इंडिया का विमान जब एक हास्टल के डाइनिंग एरिया से टकराया, तब वहां मौजूद कई मेडिकल छात्रों की मृत्यु हो गई। विमान हादसे में 265 मृत लोगों की स्मृति में निगम परिवार की ओर से उनके परिवारों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने एवं मृतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि के दौरान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, एम.आई.सी. सदस्य सीजू एन्थोनी, चंद्रशेखर गंवई, लालचंद वर्मा सहित निगम के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बीएसपी ने अवैध कब्जे के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई



**भिलाई, 14 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन विभाग ने शुक्रवार को सेक्टर-5 और सेक्टर-6 में अवैध कब्जों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाकर कुल 22 आवासों को खाली कराया। कार्रवाई के दौरान सेक्टर-5 के सड़क क्रमांक 3 स्थित 12 आवास, क्रमांक 103, 104, 120, 205, 206, 701, 704, 716, 718, 719, 720 और 801, से अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों को बेदखल किया गया। इसी क्रम में सेक्टर-6 की सड़क संख्या 42, ब्लॉक-04 के नौ आवासों और आर को भी खाली करवाया गया। इन आवासों से दरवाजे और खिड़कियां हटाकर उन्हें मेंटेनेंस कार्यालय को सुपुर्द किया गया ताकि भविष्य में कोई दोबारा इन पर अवैध कब्जा न कर सके।

### भीषण गर्मी और उमस से लोगों को हो परेशानी

**कवर्धा,14 जून।** भीषण गर्मी और बढ़ती उमस से बच्चे , महिलाओं , बुजुर्गों को बहुत परेशानी हो रही है । बच्चों के माता पिता ने कहा की 16 जून से स्कूल खुलेगा लेकिन मानसून अभी तक नहीं आया कैसे जायेंगे बच्चे स्कूल । घर में तो कूलर है बच्चों और बुजुर्गों को आराम मिल जाता है लेकिन मानसून जल्द आ जाए और बच्चे अच्छे से स्कूल जाए। यदि मानसून नहीं आता है बारिश नहीं होती है तो स्कूल की छुट्टी बढ़ जानी चाहिए।

# वैराग्य की गाथा भरथरी को देख भावविभोर हुए दर्शक

**भिलाई, 14 जून।** रंग सरोवर की प्रस्तुति लोकनाट्य उत्सव में वैराग्य की गाथा भरथरी का मंचन महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में बृहस्पतिवार और शुक्रवार को हुआ। प्रख्यात लोक गायिका स्व. सुरुज बाई खांडे व अन्य कलाकारों से अब तक भरथरी गायन सुनते आए कलाप्रेमी दर्शकों के लिए यह पहला मौका था, जब इस लोकगाथा को मंच पर देख रहे थे। भूपेंद्र साहू के निर्देशन में रंग सरोवर के रंगकर्मियों ने अपने अभिनय से हर किसी का दिल



जीता। मूल रूप से वैराग्य की इस गाथा ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। मुख्य अतिथि गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद व अन्य अतिथियों ने भरथरी गायन की पुरोधा स्व. सुरूजबाई खांडे के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। विधायक निषाद ने इस दौरान भरथरी जैसी लोकगाथा के मंचन के लिए संस्था रंग सरोवर की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे अभिनव प्रयास होते रहना चाहिए। आलेख, गीत, संगीत एवं निर्देशन की जवाबदारी संभालने वाले वरिष्ठ रंगकर्मी भूपेन्द्र साहू ने बताया कि लोक गाथा भरथरी देश के अन्य राज्यों में भी अपने पृथक स्वरूपों के साथ विद्यमान है। मंचन में प्रमुख भूमिकाओं में राजा भरथरी-मिथुन खोटे, भरथरी की माँ रानी फुलवा-भावना वाघमारे, भगवान/गोरखनाथ-चन्द्रहास बघेल, भरथरी की पत्नी रानी सामदेई-योगिता मढ़रिया, भरथरी की साली रानी रूपदेई-जागेश्वरी मेश्राम, कैना जागेश्वरी मेश्राम,चंपा चेरी-निधि साहू/रोशनी वर्मा,काला मिरगा/सेवक-दीपक कुमार ध्रुव,मिरगिन-रोशनी वर्मा, निधि, योगिता, सिन्धु, जागेश्वरी, कथावाचक (बबा)-अमर सिंह लहरे,नाती-उत्तम साहू, गायन स्वर में राजेन्द्र साहू, गंगा प्रसाद साहू, योगिता मढ़रिया, सिन्धु सोन,वाद्य वृन्द में भारत बघेल, मोहन साहू, मोनू पाटिल, खेम यादव और गिरवर साहू शामिल हैं। इनके अलावा मंच सज्जा-उत्तम साहू, दीपक ध्रुव, चन्द्रहास बघेल,वेशभूषा एवं हस्त सामग्री-भावना वाघमारे, दीपक ध्रुव,ध्वनि प्रभाव-चेतन साहू,प्रकाश प्रभाव-भूपेन्द्र साहू लव कुमार साहू/बड़का,प्रस्तुति व्यवस्थापक-मलयज साहू/लव कुमार साहू,प्रचार प्रसार-मलयज साहू/अजय मेश्राम और उद्घोषक के तौर पर आरजे नमित साहू का योगदान रहा।

### महापौर ने वार्डो में साफ सफाई एवं निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव 14 जून।** वार्ड निरीक्षण के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव आज सुबह कंचन बाग, मोतीपुर स्कूल, स्टेट स्कूल व सर्वेश्वरदास स्कूल का जायजा लिया। वही आज दोपहर अटल परिसर निर्माण कार्य तथा दुर्गा चौक रोड समता भवन के पास नाला देख शहर में साफ सफाई रखने तथा निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए ।महापौर श्री यादव आज सुबह कंचन बाग में साफ सफाई दुरूस्त करने, बारिश के पूर्व नाला सफाई करने मिश्रा को निर्देश दिए।

# आयुक्त ने बंद फव्वारे को चालू करने के दिए निर्देश



भिलाई, 14 जून। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने एम.आई.सी. सदस्य लक्ष्मीपति राजू, जोन आयुक्त कुलदीप कुमार गुप्ता के साथ नगर निगम भिलाई के जोन क्रं. 05 क्षेत्र के उद्यानों एवं वाटर एटीएम का निरीक्षण किया। वार्ड क्रं. 67 सेक्टर 07 स्थित सड़क 8-9 उद्यान में स्थापित फाउंटेन संधारण एवं अन्य मरम्मत कार्य के लिए उप अभियंता को निर्देशित किए। शिव धाम तालाब उद्यान की साफ-सफाई व्यवस्था को बनाए रखते हुए बारिश से पूर्व अवांछित खरपतवार एवं डालियों की कटाई-छटाई कराने हेतु उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये। ओवरब्रिज के बगल में लगे उद्यान में भी फौव्वारा स्थापित है, जो वर्तमान में बंद है।

उपस्थित जोन आयुक्त और उप अभियंता को संधारण कर शीघ्र चालू कराने निर्देशित किए, जिससे रोड साइड स्थित उद्यानों की सुंदरता और आकर्षकता बरकरार रहे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सैमुएल, जोन सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, उप अभियंता श्वेता माहेश्वर, आदि उपस्थित रहे।

### ओटीपी आधारित सत्यापन के लिए किया स्वागत

**भिलाई, 14 जून।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के पूर्व रेलवे सलाहकार समिति सदस्य एवं आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन के अध्यक्ष के. उमाशंकर राव ने रेलवे ने तत्काल बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित सत्यापन के लिए भारत सरकार और



यहां रेल मंत्रालय को रेल उपभोक्ताओं की ओर से धन्यवाद देते हुए निवेदन किया है कि सामान्य एवं स्लीपर बोगियां सभी ट्रेनों में बढ़ाया जाए। मध्यम वर्ग एवं कम आय के लोगों को रेल यात्रा करना बहुत ही मुश्किल हो रहा है।

### मत्स्याखेट 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

**दुर्ग, 14 जून।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1972 की धारा-3 उपधारा-2 (दो) के तहत् 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को ''बंद ऋतु (क्लोज सीजन)'' के रूप में घोषित किया गया है।उप संचालक मत्स्य सुश्री सीमा चन्द्रवंशी से मिली जानकारी अनुसार जिले के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर, सभी प्रकार के जल संसाधनों में 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10,000 रूपये का जुर्माना अथवा दोनो एक साथ होने का प्रावधान है।

# तेलहा नाला बना जानलेवा, सफाई की मांग



**भिलाई, 14 जून।** तेलहा नाला से खुर्सीपार, छावनी सघन बस्ती से बहता नाला जो हाऊसिंग बोर्ड होते हुए आगे बढ़ता है, की वजह से अनेक क्षेत्र डूबान में आ जाते हैं। करूणा हॉस्पिटल के पास इस नाले पर पुलिया बनायी गयी है लेकिन इस पुलिया की सफाई अच्छी तरह नहीं किया जाता है। जोन 3 एवं जोन 4 की सफाई टीम आती है लेकिन सफाई कर्मी सफाई नहीं कर पाते हैं। इस बाबत दोनों जोन को सफाई हेतु शिवसेना के राजू गुप्ता ने आवेदन दिया लेकिन उचित निराकरण नहीं करते हैं। इस नाले के मुहाने पर अत्याधिक कचरा जाम है। नाले के अंदर करीबन 20 से 25 टन कचरा है जो पानी निकासी में बाधा बनता है। बरसात में स्थित भयावह हो जाती है।

प्रत्येक साल जल प्रवाह का बरसात में स्थानीय लोग त्रासदी झेलते हैं। लोगों के घरों में गंदा कीचड़युक्त बदबूदार पानी घुस जाता है। बरसात में जल प्रलय हर वर्ष होता है रहता है। पूर्व में एक तीन वर्षीय मोहल्ले की मासूम बच्ची इसमें बह गई एवं उसकी अकाल मृत्यु हो गई। इस जन समस्या के निराकरण करने हेतु भाजपा कार्यकर्ता अशोक राव तांदुलकार और शिवसेना के राजू गुप्ता, रमेश सिंह ,संदीप हटवार, अमित कुमार भानु सोनी, गगन कुमार, जगदीश राम सिन्हा ने मांग की है ।

# पुलिस और परिवहन विभाग ने स्कूल बसों की जांच की

**भिलाई, 14 जुलाई।** भिलाई महज एक दिन बाद 16 जून से स्कूल खुलने वाले हैं। इससे पहले परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस ने आज लगभग सौ स्कूल बसों की जांच शुरू की। इसमें सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार जांच पड़ताल की गई। जिन बसों में खामियां नजर आई, उसे हर हाल में स्कूल खुलने से पहले सुधारने की चेतावनी दी गई। जांच में पता चला कि कई बसों में फिटनेस सहित अन्य दस्तावेजों की कमी है आज 14 जून की सुबह भिलाई नगर थाने के सामने मैदान में परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस की टीम ने स्कूल बसों की जांच की। लगभग सौ बसों को आज जांच के लिए बुलाया गया था। इस तरह का जांच कल 15 जून को भी किया जाएगा। इन बसों की मैकेनिकल जांच के साथ उनके टैक्स, फिटनेस, बीमा, परमिट, स्पीड गवर्नर, जीपीएस, अग्निशमन यंत्र और वायु प्रदूषण



प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज की जांच की गई। एक चेकलिस्ट के आधार पर यह सुनिश्चित किया गया कि सभी स्कूल बसें निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप है या नहीं। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि ब'चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग यातायात पुलिस अलर्ट है। इसके चलते स्कूल बसों के फिटनेस को लेकर सख्त रवैया अपनाया गया है। स्कूल खुलने से पहले बस संचालकों की मीटिंग बुलाई गई, जिसमें उन्हें बसों के साथ ड्राइवर को भी बुलाया गया। आज पहले दिन लगभग 100 स्कूल बसें जांच के लिए पहुंची है। बाकी बसों की जांच कल 15 जून को होगी। बसों की मैकेनिकल फिटनेस, बीमा, टैक्स, परमिट, स्पीड गवर्नर, प्रदूषण सर्टिफिकेट और जीपीएस जैसे दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान जिन बसों में फिटनेस के साथ ही बीमा सहित अन्य दस्तावेजों की कमी पाई गई। अफसरों ने इन सभी खामियों को दूर करने का अल्टीमेटम दिया है साथ ही कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी गई है।

# महापौर अलका बाघमार ने राजस्व विभाग की ली क्लास

**दुर्ग, 14 जून।** नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा राजस्व विभाग प्रभारी चंद्रशेखर चन्द्राकर के मौजूदगी में वार्डवार वसूली को लेकर राजस्व विभाग की क्लास ली। कहा कि, वसूली में गति लाने टीम बनाकर बड़े बकायादारों के पास डोर टू डोर संपर्क करे। व्यवसायिक एवं बड़ी संस्थानों में जाकर वसूली करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में निगम द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया है। सोमवार को डाटा सेंटर सभागार में आयोजित राजस्व वसूली से संबंधित समीक्षा बैठक में महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि अधिकारी 16 जून से 16 जुलाई से सभी रुकावटों को दूर करते हुए लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहें। निगम राजस्व वसूलने के लिए लगातार निगरानी करें इस स्थिति में राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा।टैक्स लेने निकले तो रजिस्टर साथ लेकर चलें,करदाताओं के नाम और मोबाइल नंबर भी लिखें,बिना लाइसेंस के दुकान संचालित करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करेंइस दौरान राजस्व अधिकारी आरके बोरकर और बाजार अधिकारी शुभम गोइर ने



बताया की राजस्व वसूली 50 करोड़ का लक्ष्य दिया गया है। युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर शत प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा करेगी।उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के दुकान संचालित करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करें।महापौर ने टैक्स वाली के समय किसी भी की न सुने बड़े बकायेदारों से कड़ाई कर करों की वसूली के निर्देश दिए। प्रत्येक सहायक राजस्व निरीक्षकों की डिमांड के विरूद्ध मकान की संख्या एवं सम्पत्ति करदाता के संबंध में मांग पंजी से मिलान सहित रजिस्टर लेकर चले और मांग पंजी मिलान करें।प्रत्येक वार्ड सहायक राजस्व निरीक्षक घर-घर जाकर वसूली करे,अगर कोई करदाता टैक्स वाली देने में आना कानी करते है तो नोटिस जारी कर नियमनुसार ताला बंदी और नल कनेक्शन की कार्रवाही करेंगे।सख्त निर्देश वसूली में कोताही बर्दास्त नही की जावेगी। समीक्षा बैठक मे नामांतरण के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करे और भवन पूर्णता के आधार पर संपत्तिकर अधिरोपित करें। जिससे करों में वृद्धि हो सके।उन्होंने कहा कि जल विभाग से समांजस्य कर नये घरों से जलकर की वसूली करे।उन्होंने कहा इसी प्रकार भवन शाखा से नये मकानों की जानकारी लेकर सम्पत्तिकर, जलकर व समेकितकर की वसूली करे। जिससे शतप्रतिशत वसूली हो सके।उन्होंने ये भी कहा कि बड़े बकायादारों से कडाई से वसूलना सुनिश्चित करे तथा प्रतिदिन की वसूली की जानकारी लेवे।उन्होंने कहा कि हर एक वॉड मे एआरआई रोजना 20 घरों का टारगेट दिए है।महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने निजी हॉस्पिटलों, कॉलेज,स्कूलों में फायर सीप की जांच के साथ साथ टैक्स वसूली की कार्रवाही करें, साथ ही फायर सीप इन जगहों पर नही पाए पर जुर्माना की कार्रवाही करने की बात कही।

# बालवाड़ी केंद्रों में टीचरों की नियमित भर्ती की उठी मांग

**अंवरी,14 जून।** नयी शिक्षा नीति 2020 के पालन हतु राज्य के NTT (Nursary teacher trainning) टण्ड अभ्यर्थियों ने हाल के दिनों में माना तूता धरना स्थल में राज्य के समस्त शासकीय पूर्व-प्राथमिक/ बालवाड़ी शालाओं में ट्रेण्ड NTT टीचरों की नियमित भर्ती की मांग की है उनका कहना है कि नयी शिक्षा नीति 2020 में सबसे बड़ा फैसला था कि देश क समस्त आंगनबाड़ी स्कूलों को बालवाड़ी में कन्वर्ट करक मुख्य स्कूल परिसर में ही पूर्व-प्राथमिक स्कूल बनाकर शिक्षा विभाग का अभिन्न हिस्सा बनाया जाये। रूपान्तरण तो जारी ह लेकिन इन पूर्व-पाथमिक स्कूलों में टीचरों की भर्ती को लेकर कई सारी असमानताएं है जैसे- प्राइमरी के टीचरों को 500 रुपये के मानदेय देकर उनसे सेवापूर्ति ली जा रही है अथवा पीएम-श्री स्कूल एवं गांव के बालवाड़ी में आंगनबाड़ी कार्यकार्ताओं को ही नियुक्त कर दिया जा रहा है जबकि शासकीय आत्मानंद स्कूलों में भाषायी भेदभाव कर ट्रेण्ड NTT टीचरों की 15000 रूपये की खानापूर्ति के साथ संविदा नियुक्ति की की जा रहो है गणवत्ता की अनदेखी कर राज्य के पूर्व-प्राथमिक स्कूलों में घनघार असमानता व्याप्त है। जिसको लेकर NTT अभ्यर्थियों ने शासन-प्रशासन को कई बार ज्ञापन देकर अवगत कराया ।

# महापौर मधुसूदन ने साफ सफाई एवं निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

■ अटल परिसर निर्माण की धीमी गति पर निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश



**राजनांदगांव 14 जून।** वार्ड निरीक्षण के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव आज सुबह कंचन बाग, मोतीपुर स्कूल, स्टेट स्कूल व सर्वेश्वरदास स्कूल का जायजा लिया। वही आज दोपहर अटल परिसर निर्माण कार्य तथा दुर्गा चौक रोड समता भवन के पास नाला देख शहर में साफ सफाई रखने तथा निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। महापौर श्री यादव आज सुबह कंचन बाग में साफ सफाई दुरूस्त करने, बारिश के पूर्व नाला सफाई करने प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को निर्देश दिए। उन्होंने कंचन बाग में विश्वकर्मा मंदिर का निरीक्षण कर वार्डवासियों की हाल निर्माण करने मांग पर प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश उप अभियंता श्री अशोक देवांगन को दिए। निरीक्षण की कडी में उन्होंने स्टेट स्कूल उद्यान का निरीक्षण कर विभिन्न आयोजनों के लिए दुरूस्त करने निर्देशित किए। साथ ही सर्वेश्वरदास स्कूल में प्रयोग शाला निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मोतीपुर मिडिल स्कूल का निरीक्षण कर मरम्मत करने कहा, जिससे बरसात में विद्यार्थियों को पढ़ाई में असुविधा न हो।

महापौर श्री यादव आज ही दोपहर में वर्धमान नगर के पास निर्माणाधीन अटल परिसर का जायजा लेकर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उप अभियंता ने बताया कि प्रतिमा के लिए पेडेस्टल, बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया गया है, अन्य कार्य प्रगति पर है। उन्होंने ग्रनाईट व टाईल्स लगाने के कार्य में तेजी लाकर विद्युतिकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण में तेजी लावे इसके लिए मेन पावर बढ़ावे, कार्य की प्रतिदिन मानिटरिंग करे। महापौर ने दुर्गा चौक रोड स्थित समता कालोनी के पास नाला की बदबू की शिकायत पर कालोनी वासियों से मुलाकात कर उप अभियंता श्री अनूप पाण्डे को नाला दुरूस्त कर कालोनी क्षेत्र के नाला ढकने व चेम्बर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी से नाला सफाई कराने कहा। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा व श्री डीलेश्वर प्रसाद साहू, पार्षद श्री रवि सिन्हा, श्री सतीश साहू, श्री चन्द्रशेखर लश्करे, पूर्व पार्षद श्री विजय राय व श्री शरद सिन्हा तथा निगम का अमला उपस्थित था।

## समाचार संक्षेप

### रेत माफियाओं को भाजपा के संरक्षण का नतीजा है गोलीकांडः हनी

■ जिले में लगातार बढ़ रही है अपराधिक घटनाएं शासन मौन

**राजनांदगांव, 14 जून।** ग्राम मोहड़ वार्ड 49 में रेत माफियाओं द्वारा विगत बुधवार को हुई गोलीकांड की घटना पर शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री हनी ग्रेवाल ने बयान जारी करते हुए कहा कि जब से छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपाराज आते ही माफियाओं का राज शुरू हो चुका है। प्रदेश में लगातार कहीं न कहीं चाकूबाजी, गोलीकांड, जैसी अपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही है। भाजपाराज में अब तो खुलेआम असामाजिकतत्व द्वारा बंदूक की नोक में गुडागर्दी कर रहे हैं। जिला मुख्यालय के मोहड़ वार्ड में खनिज विभाग और पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे अवैध रेत का खेल चल रहा है उसके नीचे इस तरह की वारदात हो रही है इससे लगता है कि माफियाओं को भाजपा का संरक्षण मिला हुआ है। श्री ग्रेवाल ने कहा कि प्रदेश के दिग्गज छग विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र व प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के प्रभार जिला जिसे संस्कारधानी कहा जाता है वहां अब अपराध का गढ़ बनता जा रहा है। आए दिन कोई न कोई अपराधिक घटनाएं इस जिले में हो रही है, किन्तु कार्यवाही न के बराबर ही चल रही है। मोहड़ में हुई गोलीकांड की घटना पर ग्रामीणों ने कई नामों का खुलासा कर रही किन्तु पुलिस राजनीति संरक्षण के कारण नाम उजागर नहीं कर रही है। पुलिस अवैध तरीके से उत्खन्न में शामिल जेसीबी और हाइवा के मालिक के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया जो कि पुलिस की कार्यशैली संदेह के दायरे में आती है।

### चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**राजनांदगांव, 14 जून।** प्रार्थिया रिपोर्ट दर्ज करायी कि घटना दिनांक 12-06-2025 के रात्रि 09:00 अपने स्कूटी से समान लेने के लिए गयी थी, तभी कमला कॉलेज चौक स्टेट बैंक ए0टी0,म0 के पास आरोपी रविकात सोनी हाथ में चाकू लेकर आने जाने वाले को चाकू दिखाकर चमका रहा था तथा इसे भी रोकने का प्रयास किन्तु यह वहॉ से अपनी स्कूटी को छोडकर किसी अन्य व्यक्ति के घर में शरण लिया जहॉ पर आरोपी रविकात सोनी आकर इसके जान से मारने की धमकी दिया। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध सदर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देश प्राप्त होने पश्चात राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार किया गया , आरोपी रविकांत सोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पश्चात आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

### ई-रिक्शा में छूटा यात्री का सामान, यातायात पुलिस द्वारा सुरक्षित दिलाया



**राजनांदगांव, 14 जून।** आज दिनांक 12.06.2025 को भारती बघेल पति रोशन लाल बघेल निवासी पुरानी बस्ती कोहका भिलाई वार्ड नं. 19 जिला दुर्ग का ई-रिक्शा में सामान छूट जाने से प्रार्थिया द्वारा यातायात शाखा आकर बतायी कि लाल कलर का ई-रिक्शा जिसके पीछे में देवांगन एवं 59 नंबर, पूरा नंबर याद नही है, लिखा हुआ है, अपना पर्स भूल गई हूँ जिसमें कीमती सामान रखा हुआ है, बताने पर सउनि शरद मसीह प्र.आर. 464 बीरबल सिंह आरक्षक 1385 रूपेन्द्र वर्मा के द्वारा तत्काल पता तलाश हेतु रवाना होकर आजाद चौक के पास प्रार्थिया द्वारा बताये कलर एवं पीछे में देवांगन जी लिखा हुआ था, जिसमें यातायात शाखा से प्रदाय यूनिक नंबर 659 लिखा हुआ था। ई-रिक्शा चालक से पूछताछ करने पर ई-रिक्शा में यात्री का पर्स छूटना बताया, जिसे यातायात कार्यालय लाकर प्रार्थिया को पूछने पर पर्स अपना होना एवं पूरा सामान चेक करने पर सुरक्षित होना बताई। जिसे प्रार्थिया को सुपुर्द किया गया। आम लोगों से अपील है कि जिस टेम्पो, आटो, ई-रिक्शा वाहन में यात्रा कर रहे है उसका यूनिक नंबर क्या है एवं यूनिक नंबर देखकर ही टेम्पो, आटो एवं ई-रिक्शा में यात्रा करें। साथ ही सभी टेम्पो, आटो एवं ई-रिक्शा चालक सवारी बिठाने के पहले यात्रियों को अपने यूनिक नंबर से अवगत कराने पश्चात ही सवारी बिठाये। यात्रियों द्वारा अपना कीमती सामान वाहन में भूलने पर यूनिक नंबर के माध्यम से उस वाहन का सम्पूर्ण जानकारी यातायात कार्यालय से ली जा सकती है।

### समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सभी करें पौधरोपणः कलेक्टर



**राजनांदगांव 14 जून।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पौधरोपण के संबंध में चेम्बर ऑफ कामर्स, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं समाजसेवी संस्थाओं की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत बारिश के मौसम में सघन पौधरोपण किया जाना है। समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझते हुए हम सभी को पौधरोपण करना है। पौधरोपण का यह कार्य स्वैच्छिक है, लेकिन अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए इस कार्य में सभी की सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वयंसेवी संस्थाएं पौधरोपण के लिए रोड के किनारे स्थान का चिंहाकन करे। शासकीय भूमि पर फेंसिंग कराते हुए पौधरोपण का कार्य करें। इस अभियान के तहत एक दुकान एक पेड़ या एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान के अंतर्गत पौधे लगा सकते है। उन्होंने कहा कि शहर में 22 गार्डन एवं 53 तालाब है। यहां पौधरोपण करने से पौधों का संरक्षण, संधारण एवं देखभाल अच्छी तरह हो सकेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गौशाला एवं चारागाह में पौधरोपण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पौधों की सुरक्षा के लिए बाऊंड्रीवाल एवं फेंसिंग जरूरी है। पौधरोपण करते समय पौधों की सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है।

### कुमरदा में किया गया राजस्व शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव 14 जून।** जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण करने तथा उन्हें तत्काल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी तहसील कार्यालय में राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को राजस्व से संबंधित समस्याओं के लिए परेशान न होना पड़े और उनके कार्य तत्काल आसानी से शीघ्र पूरा हो सके। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कुमरदा तहसील कार्यालय में आयोजित राजस्व शिविर का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याओं को सुनकर राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनमानस के राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान संवेदनशीलतापूर्वक एवं तत्परता से करें। किसान एवं नागरिकों के नामांकन, सीमांकन, बटवारा, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र जैसी विभिन्न समस्याओं का समाधान प्रभावी तरीके से होना चाहिए और यह शिविर जनसामान्य के लिए परिणाममूलक होना चाहिए।

## एक नजर

### निजी नल कनेक्शन के लिए लगा प्रतिबंध हटा अब नल कनेक्शन लेने आवेदन कर सकते है

**राजनांदगांव 14 जून।** ग्रीष्म ऋतु में पानी की कमी को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष मार्च माह से 15 जून तक नये नल कलेक्शन लगाने नगर निगम द्वारा प्रतिबंध लगाया जाता है और वर्षा ऋतु प्रारंभ होते ही नल कनेक्शन लेने प्रतिबंध हटाया जाता है। उक्त प्रतिबंध 10 जून से हटा लिया गया है। नल कनेक्शन प्रतिबंध के संबंध में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल के लिए प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी मार्च से निजी नल कनेक्शन देने प्रतिबंध लगाया गया था जिसे कलेक्टर डॉ.सर्वेश्व नरेन्द्र भूरे के आदेशानुसार वर्षा ऋतु प्रारंभ होते ही हटा लिया गया है। इस संबंध में नगर निगम द्वारा निजी नल कनेक्शन लेने लगा प्रतिबंध 10 जून से हटाने विधिवत आदेश जारी किया गया है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा है कि जिन्हे निजी नल कनेक्शन लेना है वे विधिवत राजस्व कर का भुगतान कर लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत नल कनेक्शन लेने नगर निगम में आवेदन कर सकते है।

### प्रधानमंत्री जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान धरती आबा के तहत 15 से 30 जून तक कलस्टरवार विशेष शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव 14 जून।** प्रधानमंत्री जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान धरती आबा के तहत जिले में 15 से 30 जून 2025 तक कलस्टरवार विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में अभियान के तहत जनजातीय समुदाय को 25 प्रकार की गतिविधियां, 17 मंत्रालयों की सेवाएं विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजना से लाभान्वित करते हुए आत्मनिर्भर किया जाएगा। जिले के सभी विकासखंडों के 105 चयनित ग्रामों हेतु कलस्टरवार आयोजित शिविरों के माध्यम से आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति-निवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, मुद्रा लोन, पेंशन योजना, मनरेगा आदि।

### जिपं सीईओ ने विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की



**राजनांदगांव 14 जून।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों की बैठक लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत अप्रारंभ आवासों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने हितग्राहियों को किश्त की राशि का भुगतान समय-सीमा में सुनिश्चित करने के लिए लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम सभा की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत अनुमोदित नवीन स्वीकृति तथा पात्र-अपात्र हितग्राहियों की सूची तत्काल प्रस्तुत करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ब्लाकों में पदस्थ तकनीकी सहायकों की हर 15 दिवस में उनके कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

### समाज के प्रति अपने दायित्वों निर्वहन करते हुए सभी करें पौधरोपणः कलेक्टर



**राजनांदगांव 14 जून।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पौधरोपण के संबंध में चेम्बर ऑफ कामर्स, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं समाजसेवी संस्थाओं की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत बारिश के मौसम में सघन पौधरोपण किया जाना है। समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझते हुए हम सभी को पौधरोपण करना है। पौधरोपण का यह कार्य स्वैच्छिक है, लेकिन अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए इस कार्य में सभी की सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वयंसेवी संस्थाएं पौधरोपण के लिए रोड के किनारे स्थान का चिंहाकन करे। शासकीय भूमि पर फेंसिंग कराते हुए पौधरोपण का कार्य करें। इस अभियान के तहत एक दुकान एक पेड़ या एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान के अंतर्गत पौधे लगा सकते है। उन्होंने कहा कि शहर में 22 गार्डन एवं 53 तालाब है। यहां पौधरोपण करने से पौधों का संरक्षण, संधारण एवं देखभाल अच्छी तरह हो सकेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गौशाला एवं चारागाह में पौधरोपण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पौधों की सुरक्षा के लिए बाऊंड्रीवाल एवं फेंसिंग जरूरी है।

# मुख्यमंत्री साय के हाथों मिलेगा श्रमिकों के 31 मेधावी बच्चों को 2-2 लाख की प्रोत्साहन राशि

■ निर्माण श्रमिकों के खाते में 19.71 करोड़ रूपए की राशि की जाएगी अंतरित

■ न्यू सर्किट हॉउस, रायपुर में 15 जून को होगा कार्यक्रम



**रायपुर, 14 जून।** मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत बोर्ड परीक्षा में कक्षा दसवीं और बारहवीं के टॉप 10 में आए पंजीकृत श्रमिकों के कुल 31 मेधावी छात्र छात्राओं को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा 15 जून को न्यू सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में दो-दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस मौके पर श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन और छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. राम प्रताप सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

श्रम मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि मंडल के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल में 10वीं कक्षा के 26 और 12वीं कक्षा के 5 बच्चों सहित कुल 31 श्रमिक बच्चों को 2 लाख रूपए प्रति छात्र दिए जाएंगे. इसमें 1 लाख रूपए दोपहिया वाहन के लिए और 1 लाख रूपए नकद प्रोत्साहन राशि के रूप में शामिल है। इसी तरह में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने राज्य के 38200 निर्माण श्रमिकों के लिए 19.71 करोड़ रूपए से ज्यादा की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी की जायगी। यह राशि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रदान की जाएगी।

**योजनाओं और उनके लाभार्थियों की संख्या और राशि का विवरण इस प्रकार है**-मिनीमाता महतारी जतन योजना 1,915 श्रमिकों को 3.83 करोड़ रूपए, मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना 279 श्रमिकों को 10.33 लाख रूपए, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना 6,319 श्रमिकों को 2.19 करोड रूपए, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना 12 श्रमिकों को 94 हजार 800 रूपए, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना 4,825 श्रमिकों को 96.17 लाख रूपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना 155 श्रमिकों को 37.63 लाख रूपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक दीर्घायु सहायता योजना 2 श्रमिकों को 40 हजार रूपए, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना 4,939 श्रमिकों को 74.08 लाख रूपए, निर्माण श्रमिकों के बच्चे हेतु उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन योजना 1 श्रमिक को 50 हजार रूपए, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना 7 श्रमिकों को 7 लाख रूपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना 264 श्रमिकों को 2.64 करोड रूपए, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना 2,486 श्रमिकों को 4.97 करोड़ रूपए, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना 372 श्रमिकों को 74.40 लाख रूपए, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता राशि योजना 15,066 श्रमिकों 2.00 करोड़ रूपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना 25 श्रमिकों को 25 लाख रूपए यह पहल राज्य के निर्माण श्रमिकों और उनके परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## तीन तालाबों से पानी ले जाने निजी उद्योग ने बिछाई पाइपलाइन किसानों ने किया विरोध

■ जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग सहित कुछ प्रतिनिधियों की भूमिका संदिग्धः भागवत साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 14 जून।** फुलझर में नवनिर्मित एक उद्योग द्वारा आसपास के गांव के तीन गांव के तालाबों तक पाइपलाइन बिछाकर पानी ले जाने की तैयारी की जा रही है। जिसका ग्रामीण किसानों ने विरोध किया है किसान इन तालाबों का पानी सिंचाई के लिए उपयोग करते हैं। सिंचाई सुविधा के लिए इन्होंने तालाब बनाने भूमि अधिग्रहण में दी थी। अब इनका अहित होता दिख रहा है। उद्योग को पानी नहीं देने का विरोध करते हुए किसानों ने जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में पुनः कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को आज ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। श्री साहू ने बताया कि जनदर्शन टोकन क्र. 2090725000429, 22.मई 2025 द्वारा इन्दावानी जलाशय, कोपेडीह जलाशय एवं राजा तालाब अंजोरा से ग्राम फुलझर में नवनिर्मित उद्योग न्यू लुक बायो फ्यूल्स प्रा.लिमिटेड को पानी प्रदान हेतु अनुबंध किया गया था। ग्राम पंचायत टेड़ेसरा के आपत्ति के पश्चात अनुविभागीय अधिकारी, जल संसाधन उपसंभाग कनाक-01, राजनांदगांव द्वारा निरस्त करने के अनुक्सा के अधार पर कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1224/तक राजनादगांव 24 अप्रैल 2025 द्वारा इन्दावानी एवं कोपेडीह जलाशय से औद्योगिक कार्य हेतु पानी प्रदाय किये जाने हेतु अनुमति निरस्त किया गया है। इसके बावजूद लोग निर्माण विभाग द्वारा गलत तरीके से अनुमति दिया है। जिसके वजह से फैक्ट्री वाले दबंगई से काम कर रहे हैं।

## गोलीकांड में भाजपा नेताओं की संलिप्तताः भागवत साहू

■ कहा - पुलिस ऐसे नेताओं का चेहरा बेनकाब करे वर्ना कांग्रेस छेड़ेगी जोरदार आंदोलन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगाँव, 14 जून।** जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने मोहड़ वार्ड में हुए गोली कांड में सत्ता पार्टी के नेताओं की संलिप्तता बताई है। उन्होंने साफतौर से चेतावनी दी है। कि अगर पुलिस आरोपी रेत माफियाओं के साथ संलिप्त भाजपा नेताओं का चेहरा सार्वजनिक नहीं करती है तो कांग्रेस जोरदार आंदोलन करके सरकार की चूलें हिला देगी। श्री साहू ने आगे कहा कि मोहड़ वार्ड में जनता पर गोलियां चलाने की घटना को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर जोरदार तंज कसा है। उन्होंने कहा कि विष्णु का सुशासन कहकर अपनी पीठ थपथपाने वाली भाजपा सरकार अपने सुशासन में जनता पर भी गोलियां भी चलाने लगी है। फिर भी भाजपाइयों विष्णु का सुशासन कहने में शर्म नहीं आएगी। खनिज माफिया वन उपज माफिया यह सब भाजपा के ही आदमी है। जो किसी भी हद तक जाने लगे हैं कहीं भी गलत होता है तो जनता विरोध करने के लिए प्रखर होती ही है। लेकिन सत्ता का संरक्षण प्राप्त करके रेत माफिया ने मोहड़ में वहां के ग्रामीणों पर गोलियां चला दी फिर भी आरोपी बच निकला है छान कर आ रही खबरों के मुताबिक इसमें वार्ड पार्षद का सीधा हाथ है जो रेत माफियाओं के गोली चलाने के दौरान की गाड़ी पर सवार थे बताए जाते हैं।

## मोदी सरकार के 11 वर्ष सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया, 14 जून।** राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर 11 वर्ष के कार्यकाल को सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित कार्यकाल बताया है। श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा-एनडीए सरकार को केंद्र में 11 साल पूरे हो गए हैं। 11 साल के कार्यकाल में गरीब कल्याण के लिए कार्य किए गए हैं। बीते 11 साल में मोदी जी की सरकार का हर कदम सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। ÷गरीब कल्याण के लिए समर्पित मोदी जी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में, एनडीए सरकार ने कई लोगों को गरीबी के चंगुल से निकालने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसमें सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। मोदी सरकार की प्रमुख योजनाओं ने गरीबों के जीवन को बेहतर बनाया है।पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने लोगों को आवास, स्वच्छ रसोई ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान की है। मोदी जी की सरकार में हर गरीब परिवार का सपना साकार हुआ है। आज प्रधानमंत्री आवास योजना से हितग्राहियों के चहरे पर खुशहाली छाई है।मोदी सरकार में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं।डीबीटी, डिजिटल समावेशन और ग्रामीण बुनियादी ढांचे पर जोर ने पारदर्शिता और अंतिम व्यक्ति तक तेजी से लाभ पहुंचाने को सुनिश्चित किया है। इन प्रयासों से 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने आगे कहा कि सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल, मोदी हैं तो मुमकिन है, ये नारा नहीं बन गई है बल्कि जन आकांक्षा बन गई है। पहले देश में भ्रष्टाचार, घोटाले और तुष्टीकरण की चर्चा होती थी, अब नवाचार और विकास की बात होती है। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के साहस और संकल्प का प्रतीक बन चुका है। बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, तीन तलाक खत्म करने, जीएसटी लागू करने और वक्फ कानून में बदलाव जैसे साहसिक फैसले लिए हैं। मोदी जी के नेतृत्व में सर्जिकल स्ट्राइक एयर स्ट्राइक जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। आंतकवाद के खिलाफ मुंह तोड जवाब दिया गया।

## विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिले ग्रामीण सामाजिक अंकेक्षण इकाई की महिलाएं

■ 40 के पार उम्र वाले काम नहीं कर सकते, छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई रायपुर के आदेश से हडक़ंप



**राजनांदगांव, 14 जून।** विगत दिनों राजनांदगांव, बालोद, कांकेर की ग्रामीण सामाजिक अंकेक्षक ग्रुप (वी.एस.ए.,वी.आर.पी.) ने अपनी महत्वपूर्ण माँग और समस्याओं को लेकर छ.ग. के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन से विशेष मुलाकात की। ज्ञात हो कि (वी.एस.ए.,वी.आर.पी.)एक सामाजिक अंकेक्षक इकाई है जो 2017 से प्रशिक्षण लेकर लगातार महात्मागाँधी नरेगा एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का पंचायत स्तर पर सामाजिक अंकेक्षण करती है। वर्तमान में छ.ग. सामाजिक अंकेक्षण इकाई (पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग) द्वारा 6/06/2025 को आदेश जारी किया गया है कि, अब 40 वर्ष से अधिक उम्र के (वी.एस.ए.,वी.आर.पी.)सोशल आडिट नहीं कर सकते। विभाग द्वारा अचानक ऐसा आदेश जारी होने से सामाजिक अंकेक्षण का कार्य कर रहे (वी.एस.ए.,वी.आर.पी.)बहुत व्यथित और चिंतित है तथा उम्र का बंधन होने से वे अब काम कैसे करेंगे चूंकि उन लोगों के पास आय व रोजगार का अतिरिक्त जरिया नहीं है। प्रशिक्षित (वी.एस.ए.,वी.आर.पी.)का कहना है कि यदि प्रशिक्षण के दौरान यह बता दिया जाता कि 40 वर्ष उम्र होने के बाद काम नहीं करना है तो कोई प्रशिक्षण भी नहीं लेते रोजगार के लिए कोई दूसरा विकल्प चुनते। सोशल आडिट के लिए अचानक उम्र बंधन संबंधि आदेश के कारण उन लोगों का भविष्य अधर में है।

### श्रमिक और उनके परिवारों के लिए 18.89 करोड़ रुपये की सौगात

**रायपुर, 14 जून।** राज्य सरकार प्रदेश के निर्माण श्रमिकों और उनके परिवारों के शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 36,666 निर्माण श्रमिकों के लिए 18.89 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन 15 जून राजधानी रायपुर के सिविल लाइन स्थित नवीन विश्राम भवन में दोपहर 12 बजे आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों के खातों में (छ्क्क्ष) के माध्यम से राशि अतंरित करेंगे। मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल में कक्षा 10वीं के 26 और कक्षा 12वीं के 5 बच्चों सहित कुल 31 श्रमिकों के मेधावी बच्चों को 2 लाख रुपये प्रति बच्चें दिए जाएंगे।

## संपादकीय

# दीदी ममता के राह में कांटे

पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। भारतीय जनता पार्टी ने युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता से सीधे ममता बनर्जी को निशाने पर लेकर जबरदस्त अभियान की रूपरेखा खींच दी है।

इससे संकेत मिलता है कि चुनाव तक आरोपों की धार पिछले चुनाव से भी तीखी हो जाने वाली है। ममता पर राज्य को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, स्त्रियों और हिन्दुओं पर अत्याचार और दुराचार का केंद्र बना देने का आरोप लगाकर गृह मंत्री अमित शाह ने विजय संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया।

उन्होंने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर राज्य में भ्रष्टाचार, ङ्क्षहसा और घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उनके अनुसार दशकों तक हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व करने वाले बंगाल में ममता दीदी ने आकर इस भूमि को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, अपराध और हिन्दुओं पर अत्याचार का केंद्र बना दिया। शाह ने कार्यकर्ताओं को जोश दिलाते हुए याद दिलाया कि यह वंदे मातरम के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की भूमि है। ज्ञान, धर्म, स्वतंत्रता संग्राम समेत हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व करने वाले बंगाल में 'मां, माटी, मानुष'' का नारा देकर सत्ता में आने वाली ममता बनर्जी ने बंग भूमि को अपराध, बम धमाकों और हिन्दुओं पर अत्याचार का केंद्र बनाकर रख दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान और तृणमूल कांग्रेस के चुनाव जीतने के बाद भाजपा के अनेक कार्यकर्ताओं की हत्या की गई। बंगाल में ङ्क्षहसा आज भी जारी है। दीदी आपका समय पूरा हो गया है और 2026 में पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। हिम्मत हो तो बिना ङ्क्षहसा के चुनाव कराकर देखिए, आपकी जमानत जब्त हो जाएगी। उन्होंने ममता बनर्जी पर 'ऑपरेशन सिंदूर'' का विरोध कर महिलाओं की भावनाओं से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया और राज्य की महिलाओं से चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को सिंदूर की कीमत समझा देने की अपील की। गृहमंत्री का संबोधन पूरी तरह चुनावी था। छन्होंने हर उस बिंदु को छुआ को मतदाता को रास आता है। उनके संबोधन से चुनावी लड़ाई के तीखेपन का संकेत मिलता है। हालांकि वह जानते हैं मुकाबला कितना कड़ा है। राज्य में पिछले चुनावों का भाजपा का अनुभव सुखद नहीं रहा है। 2011 से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठी ममता भाजपा के आरोपों की काट करने के लिए क्या रणनीति अपनाएंगी यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन इस बार उनकी भी राह में कांटे जरूर बिछे हैं।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। लेकिन नौकरी में कार्यरत लोगों के शत्रु उन पर हावी होने की कोशिश करेंगे। आपके अंदर ऊर्जा रहने से आपकी काफी समस्याएं आसानी से हल होंगी। आपका कोई मित्र आपके लिए निवेश संबंधी योजना लेकर आने वाला है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें थोड़ा तेजी लानी होगी।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए सेहत के लिए लिहाज से कमजोर रहने वाला है, क्योंकि मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखना होगा। बिजनेस में भी आप जल्दबाजी के कारण कोई बड़ी गलती कर सकते हैं, जिससे आपको कोई नुकसान भी हो सकता है। आप किसी के साथ कोई लेनदेन पूरी लिखा पढ़ी करके करें, नहीं तो आपके साथ धोखा होने की संभावना है। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मिथुन** आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपका कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई नया पद मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। प्रॉपर्टी को लेकर यदि कोई वाद विवाद चल रहा था, तो आप उसे दूर करने की कोशिश करें। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलने से आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम भी पूरा हो सकता है। आपको किसी काम में थोड़ा धैर्य रखने की आवश्यकता है।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा। पार्टनरशिप में आप कोई काम न करें। छोटे बच्चों को आप कहीं घुमाने फिराने लेकर जा सकते हैं। आपको अपने पारिवारिक मुद्दों को लेकर थोड़ा समझदारी दिखानी होगी। आपका कोई मित्र आपके लिए कोई इंवेस्टमेंट संबंधित प्लान लेकर आ सकता है, जिसमें आप तुरंत इन्वेस्टमेंट करने से बचें। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आप किसी वाहन की खरीदारी भी कर सकते हैं।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों में हिस्सा लेने के लिए रहेगा। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर आपकी छवि और निखरेगी। आप जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए भी आगे आएंगे। आप अपने दोस्तों के साथ किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं, लेकिन लेनदेन के मामलो में आप किसी अजनबी से डील फाइनल न करें। किसी खास मेहमान के घर आने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपने किसी काम को लेकर यदि समस्या चली आ रही थी, तो वह पिताजी की मदद से दूर होती दिख रही है।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे, लेकिन आपको किसी से मांग कर वाहन चलाने से बचना होगा। आपका किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। जीवनसाथी से आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपकी इनकम तो पहले से बेहतर रहेगी, लेकिन आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें कोई लापरवाही करने से बचना होगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। सामाजिक कामों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। भाई व बहनों से आपकी खूब पटेगी। आपकी किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात होगी, जो आपके व्यापार के लिए लाभदायक रहेगी, लेकिन आपके मन में किसी काम को लेकर संशय पैदा हो सकता है, जिसे आप दूर करने की कोशिश करें। संतान की संगति की ओर आपको विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आप जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचे।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपको किसी परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। संतान ने यदि किसी एग्जाम को दिया था, तो उसके परिणाम आने से माहौल खुशनुमा रहेगा और किसी पूजा पाठ का आयोजन भी हो सकता है। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आप अपने नए घर के निर्माण का कार्य शुरू कर सकते हैं। आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तो उसमें कोई बिगड़ सकती है। आपको सेहत को लेकर थोड़ा एहतियात बरतने की आवश्यकता है।

**धनु** आज का दिन आपके लिए काम को लेकर कुछ नई योजना बनाने के लिए रहेगा। परिवार के सदस्यों में यदि किसी बात को लेकर मानसिक तनाव चल रहा है, तो उसे भी बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से विवादित था, तो उसमें आपको छुटकारा मिलेगा। आप अपनी इनकम को बढ़ाने की कोशिश में जुटे रहेंगे, तभी आपको कामयाबी हासिल होगी, लेकिन आपको गलत तरीके से धन कमाने से बचना होगा।

**मकर** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। सेहत के मामले में दिन उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर धैर्य व संयम बनाए रखने की आवश्यकता है। जीवनसाथी का प्रेम व सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की उनके कामों से एक नई पहचान बनेगी। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्स पर पूरा ध्यान देंगे।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए कुछ नये संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। आप बुद्धि व विवेक से यदि कोई निर्णय लेंगे, तो उससे आपके कामों से एक नई पहचान बनेगी। आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप अपनी किसी शारीरिक समस्या को नजरअंदाज ना करें, नहीं तो बाद में वह बढ़ सकती है। पिताजी आपको बिजनेस को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन काफी रोमांटिक रहेगा।

**मीन** आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आपके मन में नए-नए आइडिया आएंगे। यदि आप बिजनेस में कोई बदलाव करने की सोच रहे हैं, तो वह आप कर सकते हैं। आप कार्यक्षेत्र में अपनी अच्छी सोच का लाभ उठायेंगे। बॉस भी आपसे काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आप अपनी कला से लोगों के दिल में जगह बनाने में कामयाब रहेंगे। जीवनसाथी का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## समसामयिक

# विमान हादसे से सैकड़ों परिवारों के जीवन में अंतहीन दुःख और हताशा

**मनोज कुमार अग्रवाल**



गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा अत्यंत दुःखद होने के साथ ही हृदय विदारक और मर्माहित करने वाला है, हादसों पर किसी का वश नहीं होता। एक हृदय विदारक स्तब्ध कर देने वाली दुर्घटना पल भर में सैकड़ों जिंदगियों को लील जाती है। अहमदाबाद से लंदन जानेवाले विमान यात्रियों को तनिक भी अहसास नहीं था कि अपने ही शहर के आसमान में काल उन पर झप'' ट्टा मारने की ताक में था। एयर इंडिया का सबसे बढ़िया व उन्नत विमान ड्रीम लाइनर 787 के उड़ान भरते ही क्रैश हो जाने की घटना आश्चर्यजनक है क्योंकि पूरी जांब पड़'' ताल के बाद ही विमान को उड़ने की अनुमति दी जाती है इसलिए विमान में तकनीकी खराबी आने या इंजन फेल होने का सवाल ही नहीं उठता। दूसरी बात यह कि विमान को उड़ानेवाले पायलट व को-पायलट दोनों ही काफी कुशल एवं अनुभवी थे।

इस भयावह और रूह कंपाने वाले हादसे में एक को छोड़कर सभी यात्रियों की जान चली गई।वहीं मेडिकल कालेज के मैस वाली बिल्डिंग से टकराने के कारण बहुत सारे प्रतिभावान एमबीबीएस छात्र असमय मौत के आगोश में समा गए हैं यह उन परिवारों पर ऐसा बज्रघात है जिसका दुख उन परिवारों को जीवन पर्यन्त सालता रहेगा जिन्होंने खून पसीना बहाकर अपने परिवार के चिरागों को डाक्टर बनाने के लिए इस सरकारी मेडिकल कालेज में भेजा था आप समझ सकते हैं कि एक सरकारी मेडिकल कालेज में एडमिशन के लिए छात्र को नीट क्रेक करने के लिए कितना पढ़ाई करनी होती है। कुछ परिवारों के तो यह बच्चे इकलौते चिराग थे। इस दुर्घटना में मृतकों की तादाद 290 हो चुकी है। 241 विमान में सवार लोगों के अतिरिक्त करीब 50 मृतकों में बीजे अस्पताल के एमबीबीएस छात्र उनके टीचर मैस स्टाफ आदि शामिल है।

वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना एक विनाशकारी मानवीय त्रासदी है, क्योंकि पिछले एक दशक में ऐसी दुर्घटना नहीं हुई थी। यही कारण है कि इस दर्दनाक हादसे से पूरा देश स्तब्ध है और प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति सहित सभी लोगों ने अपनी तरह से दुःख जताया है। भारतीय इतिहास के सबसे बुरे विमान हादसे में इस हादसे ने एक बार फिर से विमान यात्रियों को सुरक्षा को रेखांकित किया है। जानकारी अनुसार एअर इंडिया का विमान अहमदाबाद से लंदन के लिए 242 यात्रियों को लेकर उड़ान भरा था। अहमदाबाद से रनवे 23 से दोपहर एक बजकर 39 मिनट पर उड़ान भरा, जिसमें 230 यात्री, दो पायलट और 10 केबिन क्रू मेम्बर शामिल थे। उड़ान भरने के पांच मिनट बाद ही रिहायशी इलाके (मेमाणी नगर) में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में कम से कम 169 भारतीय और 53 ब्रिटिश नागरिक यात्रा कर रहे थे। इसके अलावा 7



पुर्तगाली नागरिक और 1 कनाडाई नागरिक भी थे। एयर इंडिया की ये बोइंग 787-8 पैसेंजर फ्लाइट थी। इस विमान को ड्रीमलाइनर भी कहा जाता है और इस विमान को 21वीं सदी की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस प्लेन ने अपनी पहली सफल उड़ान 15 दिसंबर 2009 को भरी थी। एक अत्याधुनिक, चौड़े आकार और लंबी दूरी का जुड़''वा इंजन वाला जेट प्लेन है, ये दुनिया का पहला अहम प्लेन है, जिसके ढांचे का ज्यादा हिस्सा यानी 50 फीसदी कार्बन फड़बर कंपोजिट मटेरियल से बना है। इस प्लेन का वजन काफी कम होता है, यह ज्यादा मजबूत बनता है और इसमें जंग लगने का खतरा नहीं होता है। विमान के अंदर हवा का ज्यादा दबाव रहता है। इस कारण सिरदर्द और थकान कम होती है और यह बिना रुके लगभग 13530 किलोमीटर की दूरी तय कर सकता है। केबिन क्रू के 12 सदस्यों में कैप्टन सुमित सभरवाल और फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर भी शामिल थे। कैप्टन सुमित सभरवाल एक एलटीसी हैं और उनके पास विमान उड़ाने का 8200 घंटे का उड़ान अनुभव था, जबकि को-पायलट के पास 1100 घंटे का उड़ान अनुभव था। डीजीसीए ने एक बयान में बताया कि एटीसी के अनुसार विमान ने अहमदाबाद से रनवे 23 से करीब डेढ़ बजे उड़ान भरी। इसने एटीसी को अति आपात कॉल (मेडे कॉल) किया, लेकिन उसके बाद एटीसी द्वारा की गई कॉल का पायलट द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। विमान हादसे के कारणों की पता अभी नहीं चल पाया है और जांच के बाद ही मालूम चल पाएगा कि यह मानवीय भूल के कारण हुई है या फिर विमान में कोई तकनीकी खराबी थी। हादसे के कारणों की जांच चल रही है। असली वजह बाद में ही सामने आएगी, लेकिन बताया जा रहा है कि पायलट ने विमान के उड़ान भरने के बाद ही मेडे-मेडे चिल्लाया था। दरअसल मेडे शब्द का इस्तेमाल डिस्ट्रेस कॉल में किया जाता है। इसका मतलब ये होता है कि विमान और यात्रियों की जान संकट में है। ऐसे में उस विमान को आपातकालीन मदद की जरूरत है। इसलिए पायलट को इमरजेंसी स्थिति में मेडे शब्द बोलने के लिए कहा जाता है। आपातकाल की स्थिति में रेडियो हस्तक्षेप और तेज शोर के कारण पायलटों को तीन बार इस शब्द को दोहराने के लिए कहा जाता है। वर्ष 1920 में इस मेठे शब्द की शुरुआत हुई। उस दौरान लंदन के क्रॉडॉन एयरपोर्ट पर रेडियो ऑफिसर रेडरिक स्टैनली मॉकफोर्ड ने सबसे पहले इसका इस्तेमाल किया था। अहमदाबाद में हुई दुर्घटना के सही कारणों की जानकारी बाद में आयेगी, लेकिन विशेषज्ञों का अनुमान है कि टेकऑफ के जस्ट बाद प्लेन क्रैश होने का एक अहम कारण लोड फैक्टर हो सकता है। दरअसल, लोड फैक्टर का मिस कैल्क्यूलेशन कई बार क्रैश होने का कारण बन जाता है। लोड फैक्टर किसी भी विमान में रखे गए वजन का सही अनुपात होता है, जो विमान की संरचना के आधार पर तय किया जाता है। ये फ्लाइट में आगे पीछे यात्रियों को बैठाकर बराबर फिक्स किया जाता है, ताकि प्रेशर कंट्रोल किया जा सके। शुरुआती जानकारी सामने आ रही है कि प्लेन का एक पहिया एक बिल्डिंग में अटका हुआ है। ऐसे में ये कहा जा सकता है। है कि ये वजन के मिस कैल्क्यूलेशन की वजह से हो सकता है। वैसे तो फ्लाइट से पहले ऐसी सभी जानकारी चेक की जाती है। दूसरा कारण ये हो सकता है कि उसका लैंडिंग गियर अच्छे से बंद नहीं हुआ होगा। लैंडिंग गियर किसी भी फ्लाइट का वो हिस्सा होता है, जो उड़ान भरने और उतरने के दौरान रनवे के संपर्क में आने पर पूरा वेट संभालने और काइनेटिक एनर्जी यानी गतिज ऊर्जा को अवशोषित करने के लिए डिजाइन किया गया है। ये वो ही हिस्सा होता है, जिससे प्लेन के पहिए बाहर आते हैं और उससे रनवे पर प्लेन चलता है। इसके अलावा यह घटना यात्री विमानों की सुरक्षा, तकनीकी खामियों में हुई चूक को लेकर कई सवाल खड़े कर रही है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान सबसे ज्यादा हादसे होते हैं। एविएशन सेफ्टी के आंकड़ों के अनुसार 2023 में दुनिया भर में 109 विमान हादसे हुए, जिनमें से 37 टेकऑफ के दौरान थे। कई बार इंजन खराब होने, पक्षियों से टकराने और दूसरों कारणों से भी हादसे होते हैं। कई बार पायलट की गलती या एयर ट्रैफिक कंट्रोल में हुई चूक की वजह से प्लैन क्रैश हो जाता है। कई बार प्लेन में ईंधन ठीक से न भरा जाना, टायर प्रेशर की निगरानी में हुई चूक या टेक्निकल स्टाफ से हुई चूक भी विमान के क्रैश होने की संभावना को काफी ज्यादा बढ़ा देती है। हालांकि एयर इंडिया के विमान सेवाओं को दुनिया की सबसे सुरक्षित सेवाओं में माना जाता है, मगर इस दुर्घटना ने विमान यात्रियों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी मृतकों में शामिल है। निःसंदेह यह इतिहास के सबसे बुरे हादसों में से एक है। अगर देखा जाए तो पिछले कुछ समय में लगातार ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें किसी तकनीकी गड़बड़ी की वजह से कोई विमान हादसे का शिकार हो गया या फिर उसे आपात स्थिति में उतारा गया। ऐसी घटनाओं को हादसे के रूप में दर्ज किया जाता है, जबकि विमान सेवा में सबसे जरूरी पहलू यही है कि उसमें हर स्तर पर, सौ फीसद सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने के बाद ही किसी विमान को यात्रियों को अपने गंतव्य पर ले जाने की इजाजत होनी चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस हादसे की जांच की जायेगी और इससे सबक लेते हुए भविष्य में विमान दुर्घटनाओं को रोकने के लिए और आवश्यक कदम उठाए जायेंगे, ताकि निर्दोष लोगों की जान नहीं जाए और विमान यात्रा को सुरक्षित बनाया जा सकें।कुछ लोगों को इस दुर्घटना के पीछे किसी विध्वंसक तत्व की गड़बड़ी करने की भी आशंका है इस कोण से भी गहन जांच होनी चाहिए।

## चर्चित मुद्दा

# धर्म के आवरण में दरिंदिगी:कुछ तो गड़बड़ है

**निर्मल रानी**





हमारे देश में जितना अधिक धर्म का ढिंढोरा पीटा जा रहा है अधर्म भी उतनी ही तेज़ी से बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से ऐसे मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। ख़ासतौर से जब से आसाराम,स्वामी चिन्मयानंद,गुरमीत राम रहीम,स्वामी नित्यानंद,दाती महाराज,रामपाल,आसाराम के कुपुत्र नारायण साईं,भीमानंद महाराज उर्फ़ शिवमूरत द्विवेदी,राम शंकर तिवारी उर्फ़ स्वामी परमानंद व आशु भाई महाराज जैसे स्वयंभू संतों व डेरा संचालकों से जुड़े मामले सामने आये व इनमें से कई को बलात्कार व यौन शोषण के मामले में जेल जाना पड़ा तब से तो 'धर्म क्षेत्र' में इसतरह के कुकर्मों की गोया झड़ी सी लग गयी। देश में न जाने कितने साधु वेश धारी मंदिर के पुजारी या किसी न किसी रूप में धर्म क्षेत्र से जुड़े लोग यौन हिंसा के शर्मनाक मामलों में पकड़े जा चुके हैं।

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दीपक वर्मा नामक एक बलात्कारी को थाना आलमबाग़ के अंतर्गत पुलिस ने सूर्योदय से पूर्व ही सुबह सवेरे मुठभेड़ में मार गिराया ,यह व्यक्ति भी धर्म का चोला ओढ़े रहता था। स्वयं को माता का भक्त प्रदर्शित करने वाला यह कुकर्मी माता रानी के जागरण समारोहों में झांकियां सजाने व झांकियां निकालने का काम किया करता था। इस ने चंद्रनगर मेट्रो स्टेशन के नीचे से ढाई-तीन साल की बच्ची को, जो अपने पिता के साथ लेटी हुई थी,चुपके से उसका अपहरण कर उसे उठा लगाया। बाद में इस व्यक्ति ने उस बच्ची के साथ बड़ी ही बेरहमी के साथ दुष्कर्म किया था। मासूम बच्ची अभी भी गंभीर अवस्था में इलाज करा रही है। पुलिस ने माता भक्त इस आरोपी पर एक लाख का इनाम भी घोषित कर दिया था। उसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की और गत वीरवार को देर रात थाना आलमबाग क्षेत्र के मवैया के निकट एनकाउंटर में ढेर कर दिया। भारत जैसे धर्म प्रधान देश में में यौन शोषण के मामलों का तेज़ी से बढ़ना अत्यंत चिंता का विषय है। हालाँकि देश में यौन शोषण को लेकर काफ़ी कड़े क़ानून भी बने हुये हैं फिर भी यह एक प्रमुख सामाजिक समस्या बनी हुई है। ख़ासकर धर्म क्षेत्र में कुकर्मियों व अधर्मियों का प्रवेश कर जाना धार्मिक सीख व शिक्षाओं पर भी सवाल खड़े करता है। एक अनुमान के अनुसार भारत में प्रत्येक 22 मिनट में एक बलात्कार का मामला दर्ज होता है। इसमें वह मामले शामिल नहीं हैं जो भयवश या लाज वाश अथवा सुलह सफ़ाई के बाद या फिर सामाजिक कलंक या कमज़ोर क़ानूनी व्यवस्था के कारण दर्ज नहीं होते और वह सरकारी रिकार्ड में नहीं आ पाते। अन्यथा यह आंकड़े और भी चौंकाने वाले हो सकते हैं। वैसे तो दक्षिण ऑफ़्रीक़ा,स्वीडन,संयुक्त राज्य अमेरिका, इंग्लैंड, मिस्रोंस व इथियोपिया जैसे देश भी महिला शोषण व बलात्कार जैसे मामलों में बदनाम देशों की सूची में शामिल हैं। परन्तु इनमें से कोई भी देश धर्म का उस स्तर पर ढिंढोरा नहीं पीटता जितना भारत में देखने को मिलता है। स्वयं को धर्म प्रधान प्रदर्शित करने वाले भारत जैसे देश में बेशक यह एक अत्यंत गंभीर व संवेदनशील मुद्दा है। कहीं आश्रमों,मंदिरों व चर्चों में यौन शोषण के मामले सामने आते हैं जहाँ महंत, पुजारी,पादरी जैसे धर्म के आवरण में छुपे लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगता है। जैसे कुछ समय पूर्व कानपुर में एक पीड़िता को पहले नशीला लड्डू खिलाया गया फिर उसका यौन शोषण कर घटना का वीडियो बनाकर उसे धमकाया गया। चार महीने बाद गोविंद नगर थाने में शिकायत तो दर्ज ज़रूर हुई, लेकिन परन्तु चूँकि महंत, पुजारी, और अन्य रेपिस्ट प्रभावशाली थे इस कारण उनके विरुद्ध पुलिस ने देर से कार्रवाई की। इसी तरह मई 2025 में आगरा के एक मंदिर में 5 साल की बच्ची के साथ बलात्कार की घटना चर्चा में रही। इस मामले में पुलिस ने शुरू में आरोपी को छोड़ दिया था लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद उसे फिर से गिरफ़्तार किया गया। इसी तरह अप्रैल 2025 में सीतापुर में एक मंदिर के पुजारी पर नाबालिग़ लड़की के साथ दुष्कर्म करने और एक पत्रकार की हत्या का आरोप लगा था। ऐसे ही सतना के नादन थाना क्षेत्र में एक कथा वाचक नारायण स्वरूप त्रिपाठी ने तीन नाबालिग़ बहनों को काल सर्प दोष की पूजा करने के बहाने अपने कमरे में बुलाकर उनका बलात्कार किया। पीड़िता बहनों के परिजनों की शिकायत पर नादन थाना पुलिस ने उसे गिरफ़्तार किया। इसी तरह कुछ समय पूर्व दिल्ली के द्वारका में बाबा मसानी नामक एक 'राक्षस ' को पुलिस ने गिरफ़्तार किया। इसने पहले तो एक महिला से पांच लाख रूपये मांगे। बाद में पैसे न मिलने से खिन्न इस दुष्ट ने उस महिला को नशीला पदार्थ खिलाकर उससे बलात्कार किया। यह बाबा माता मसानी चौकी के नाम से अपना दरबार चलाता है। यह यू ट्यूबर भी है।

ऐसे ही केरल में कैथोलिक चर्च से जुड़े यौन शोषण के मामले चर्चा में रहे। एक नन ने जालंधर के रोमन कैथोलिक चर्च के बिशप पर 14 बार यौन शोषण का आरोप लगाया था । 2019 में तो पोप फ्रांसिस ने भी स्वीकार किया था कि भारत, लैटिन अमेरिका, इटली, और अफ्रीका में बिशप और प्रीस्ट द्वारा ननों का यौन शोषण हुआ है। पटना में 2017 में एक पादरी पर दो महिलाओं के साथ बलात्कार और धर्म परिवर्तन के नाम पर यौन शोषण का आरोप लगा। इसी प्रकार दिसंबर 2024 में संभल, उत्तर प्रदेश, में एक मस्जिद के मौलाना साजिद और उसके भाई पर 13 साल की बच्ची के साथ बलात्कार की कोशिश और तीन घंटे तक बंधक बनाने का आरोप लगा। पुलिस ने दोनों को गिरफ़्तार किया। एक तथ्य यह भी है कि धार्मिक संस्थानों में यौन शोषण के मामलों को अक्सर दबाने की कोशिश की जाती है। इसकी वजह यह है कि एक तो धार्मिक संस्थान समाज में सम्मानित स्थान माने जाते हैं। दूसरे यह कि वोट बैंक के चलते इनके राजनैतिक रुसूख़ भी होते हैं। यही वजह है कि ऐसे कई मामलों में, प्रभावशाली व्यक्तियों के ख़िलाफ़ कार्रवाई में देरी होती है। जैसे कि आगरा और कानपुर की घटनाओं में पुलिस की प्रारंभिक निष्क्रियता की काफ़ी आलोचना हुई थी । धर्मस्थानों में होने वाली व धर्मिकता का लिबादा ओढ़े लोगों द्वारा ऐसे घटनाओं को अंजाम देने की प्रवृति ने धार्मिक सोच धार्मिक शिक्षा व धार्मिक संस्थानों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिये हैं। लिहाज़ा इस निष्कर्ष पर पहुँचने में कोई हर्ज नहीं कि धर्म के आवरण में दरिंदिगी फैलाने जैसे अधर्म में कहीं न कहीं कुछ न कुछ गड़बड़ तो ज़रूर है।

## सेहत

# क्या आम खाने से बढ़ता है पिंपल्स-छाले का खतरा

गर्मियों के मौसम में 'फलों का राजा' आम आने लगता है। आम खाना लगभग हर किसी को पसंद होता है। क्योंकि यह रसीला फल न सिर्फ स्वाद में अच्छा होता है, बल्कि यह पोषण से भी भरपूर होता है। आम में विटामिन सी, पोटेशियम, मैग्नीशियम और फाइबर जैसे जरूरी तत्व पाए जाते हैं। गर्मियों के मौसम में 'फलों का राजा' आम आने लगता है। आम खाना लगभग हर किसी को पसंद होता है। क्योंकि यह रसीला फल न सिर्फ स्वाद में अच्छा होता है, बल्कि यह पोषण से भी भरपूर होता है। आम में विटामिन सी, पोटेशियम, मैग्नीशियम और फाइबर जैसे जरूरी तत्व पाए जाते हैं। जोकि स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। लेकिन कुछ लोग 2-3 आम खाने के बाद या लगातार कुछ दिन आम खाते हैं, तो उनके फेस पर पिंपल्स यानी की मुंहासे निकल आते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या वाकई आम खाने से स्किन को नुकसांन पहुंच सकता है।



**आम खाने से मुंहासे निकलना**-हालांकि इस बाद का कोई साइंटिफिक प्रूफ नहीं है, जो यह साबित करे कि आम खाने से पिंपल्स की समस्या होती है। लेकिन कुछ कारणों की वजह से आम खाने से स्किन पर पिंपल्स हो सकते हैं।

**पिंपल्स निकलने का कारण**-बता दें कि आम के छिलके और रस में 5-रेसोर्सिनॉल नामक केमिकल पाया जाता है। जोकि स्किन पर लगने से पिंपल्स जैसे निशान बना सकता है। वहीं यह मुंह में जाने पर स्टोमेटाइटिस यानी की जलन और छोटे-छोटे घाव हो सकते हैं। कैल्शियम कार्बाइड से पकाए गए आम खाने से एसिटिलीन गैस बनती है। इस गैस की वजह से मुंह में छाले या फिर जलन की समस्या हो सकती है।

## सू-दोकू 8

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[illegible] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.078 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## एक नजर

### प्रधानमंत्री जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत पंचायत स्तर संतृप्ति शिविर का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 14 जून।** प्रधानमंत्री जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे- आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान, मातृ वंदन योजना, वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन, जनधन खाता बीमा योजना इत्यादि से आदिवासी हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने हेतु दिनांक 15 जून 2025 से 30 जून 2025 तक ग्राम पंचायत स्तर पर जन जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर आयोजन किया जाना है।

### ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की विभागीय बैठक में कलेक्टर द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश

**दंतेवाड़ा, 14 जून।** संयुक्त कार्यालय भवन के भू-तल स्थित सभा कक्ष में आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के ईई,एसडीओ, सब इंजीनियर, इंजिनियर एवं तकनीकी सहायक की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में उन्होंने विभाग द्वारा जिले भर में किए जा रहे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों उसकी अद्यतन प्रगति, कार्य पूर्णता तिथि, अप्रारंभ एवं रुके हुए कार्यो के स्थिति का औचित्यपूर्ण कारण के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा किया। बैठक के सर्वप्रथम कलेक्टर नें कहा कि पंचायत स्तर में चल रहे प्रधानमंत्री आवास के कार्यों को मिशन मोड करते हुए अद्यतन प्रगति लाए, क्योंकि यह योजना ग्रामीण स्तर के हर एक पात्र हितग्राही के पक्के मकान का सपना साकार कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत पंचायतों में बनाए जा रहे, आवासों का भी विभागीय मैदानी अमला समय-समय पर तकनीकी निरीक्षण कर समय पर पूर्ण करने के लिए सरपंचों या ग्राम सचिवों निर्देशित करें। और जितने भी आवास पूर्ण नहीं है,उन हितग्राही ओर गांव के सरपंच,पंच एवं सदस्य की बैठक कर आवास समस्या के निराकरण करने की दिशा में कार्य करें।

### सखी वन स्टॉप सेंटर अंतर्गत 06 पदों की भर्ती हेतु 18 जून तक किया जा सकता है दावा आपत्ति

**दंतेवाड़ा, 14 जून।** महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार सखी वन स्टॉप सेंटर अंतर्गत 06 पदों की भर्ती हेतु संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर से विज्ञापन जारी किया गया था। जिसका जिला स्तर पर दिनांक 11 मार्च से 25 मार्च 2025 तक आवेदन पत्र प्राप्त कर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ किया गया था, प्राप्त आवेदनों को विभागीय समिति द्वारा स्कूटनी किया गया एवं जिला स्तरीय संचालन समिति से अनुमोदन पश्चात् दावा आपत्ति प्रकाशित किया जा रहा है जिसे जिले के वैबसाईट 222.स्र्इुठ्ठद्ग2इुस्र्इु.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ में देखा जा सकता है। दावा आपत्ति दिनांक 12 जून से 18 जून 2025 तक लिखित आवेदन पत्र के साथ संयुक्त जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास के कक्ष क्रमांक 231 में आवेदन पत्र जमा कर सकते है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती विज्ञापन अपरिहार्य कारणों से निरस्त

**दंतेवाड़ा, 14 जून।** एकीकृत बाल विकास दंतेवाड़ा से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय डी. के.एस भवन रायपुर के पत्र क्रमांक 728/1098/2008/मबावि/50 रायपुर दिनांक 02 अप्रैल 2008 के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के नियुक्ति हेतु निर्देश प्रसारित किये गए है के तहत एकीकृत बाल विकास परियोजना दंतेवाड़ा द्वारा ग्राम पंचायत बालूद के आंगनबाडी केन्द्र बालूद पडियारपदर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के नियुक्ति संबंधित विज्ञापन पत्र कमांक 68/नबावी/स्था./2025-26 दंतेवाड़ा दिनांक 09 मई 2025 के द्वारा जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन को कतिपय अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

### जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 14 जून।** कलेक्टर जिला दंतेवाड़ा श्री कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री वरुण नागेश के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दिनांक 13 जून 2025 को ÷महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013÷ के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला ग्रंथालय, दंतेवाड़ा में किया गया। इस अवसर पर महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती मनीषा ठाकुर द्वारा अधिनियम की प्रमुख धाराओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि लैंगिक उत्पीड़न के अंतर्गत शारीरिक संपर्क, लैंगिक अनुग्रह की मांग, आपत्तिजनक टिप्पणियां, अश्लील लेखन या प्रदर्शन, तथा किसी भी प्रकार का अनुचित शारीरिक, मौखिक या शाब्दिक आचरण शामिल हैं। ऐसे सभी संस्थान जहाँ 10 या अधिक कर्मचारी कार्यरत हों, वहाँ धारा 4 के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। वहीं जहाँ कर्मचारियों की संख्या 10 से कम हो अथवा शिकायत स्वयं नियोक्ता के विरुद्ध हो, वहां स्थानीय शिकायत समिति के माध्यम से शिकायत की जा सकती है। कार्यशाला में विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला दंतेवाड़ा के सचिव श्री अनंत दीप तिर्की एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री के.के. देवांगन ने विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहकर अधिनियम 2013 के विभिन्न प्रावधानों, समितियों के गठन एवं उनके कर्तव्यों व कार्य विधियों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। स्थानीय शिकायत समिति की अध्यक्ष श्रीमती बबीता पांडे द्वारा प्रत्येक माह समिति की बैठक आयोजित कर रिपोर्ट जिला कार्यक्रम अधिकारी को भेजे जाने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया।

**मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ितों की नई जिंदगी की शुरुआत**

# बस्तर में बदल रही तस्वीर, नक्सल हिंसा की जगह अब छाई खुशियां: सीएम साय

**दंतेवाड़ा, 14 जून।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में, जहां कभी गोलियों की गूज सुनाई देती थीं, वहां अब हर जगह खुशी और उल्लास की गूंज सुनाई देती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन और छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल पुनर्वास नीति व नियद नेल्लानार योजना के प्रभाव से माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटे युवक-युवतियों और नक्सल पीड़ितों ने नई जिंदगी की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत बस्तर संभाग में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह इस बदलाव के साबने हैं।



सुकमा के मिनी स्टेडियम में 13 जनवरी 2025 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में दो आत्मसमर्पित नक्सली जोड़ों मौसम महेश-हेमला मुन्नी और मड़कम पाण्डू-रव्वा भीमे ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह रचाया। ये चारों जून 2024 में नक्सल संगठन छोड़कर आत्मसमर्पण कर चुके थे। मुख्यमंत्री ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर साय ने सुकमा जिले को 206 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात भी दी। नवदंपतियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी नीतियों और पुनर्वास योजनाओं ने उन्हें हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति और विकास की राह अपनाने के लिए प्रेरित किया। दंतेवाड़ा में 220 जोड़ों का सामूहिक विवाह, पूवर्ती की नक्सल पीड़िता ने जवान संग रचाई शादी

दंतेवाड़ा के मेंढका डोबरा में मंदिर परिसर में 20 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 220 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर गृहस्थ जीवन शुरू किया। इनमें पूवर्ती गांव की एक नक्सल पीड़िता और वहां तैनात जवान का जोड़ा भी शामिल था। पूवर्ती, जो कभी खूंखार नक्सली हिड़मा और देवा का गढ़ था, अब सरकार की योजनाओं और सुरक्षा बलों की मौजूदगी से भयमुक्त होकर खुशहाली की ओर अग्रसर है। नियद नेल्लानार योजना के तहत धुरली गांव के दो जोड़ों सीमा भास्कर-रमेश भास्कर और सुंदरी तेलाम-धन्नु कुंजाम ने भी विवाह रचाया। सभी नवदंपतियों के बैंक खातों में 35 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की गई।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना: निर्धन परिवारों का सहारा

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने बस्तर के निर्धन परिवारों को नया जीवन दिया है। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को 50 हजार रुपये की सहायता दी जाती है, जिसमें 35 हजार रुपये सीधे वधु के खाते में हस्तांतरित होते हैं। विष्णु देव साय सरकार के कार्यकाल में अब तक 15 हजार से अधिक जोड़ों का विवाह इस योजना के तहत संपन्न हो चुका है।

### बस्तर में शांति और विकास की नई इबारत

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल विरोधी कार्रवाइयों और कल्याणकारी योजनाओं ने बस्तर के ग्रामीणों का हौसला बढ़ाया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को रोजगार, आवास और आर्थिक सहायता के माध्यम से सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल रहा है।

## पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता लापरवाही बरतने के कारण सचिव निलंबित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 14 जून।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बस्तर प्रतीक जैन द्वारा पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता,लापरवाही बरतने के कारण मुण्डागांव ग्राम पंचायत सचिव जोगेन्द्र पाण्डे को निलंबित किया गया है। मुख्यमंत्री जन शिकायत पोर्टल में ऑनलाईन शिकायत पर जिला पंचायत के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बस्तर को जांच दल गठित कर शिकायत की जाँच कराई गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, बस्तर से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के अनुसार जांच में 15वें वित्त आयोग (ग्राम पंचायत मद) अंतर्गत कराये गये कार्य हेतु राशि रूपये 93,46,952 मात्र का आहरण किया जाना पाया गया। उक्त राशि में से राशि रूपये 60,77,417 का मूल्यांकन एवं व्हाऊचर्स प्रस्तुत किया गया तथा रूपये 32,69,535 का मुल्याकन एवं व्हाऊचर्स प्रस्तुत नहीं किये जाने व प्रगतिरत कार्यों का मुल्यांकन नहीं होने, जनपद पंचायत बस्तर द्वारा ग्राम पंचायत, मुण्डागांव को अन्य मदों से 10 कार्यों के लिये राशि रूपये 13लाख 08 हजार जारी की गई है, इसी प्रकार ग्राम पंचायत गुनपुर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जनपद पंचायत से कुल 07 कार्यों की स्वीकृति प्रदान करते हुए 07लाख,40 हजार जारी की गई थी। किन्तु मुण्डागांव ग्राम पंचायत सचिव जोगेन्द्र पाण्डे को साप्ताहिक समीक्षा बैठकों में कार्य पूर्ण करने हेतु लगातार निर्देशित किये जाने के बाद भी उक्त कार्यो को पूर्ण कराये जाने हेतु कोई गंभीरता नहीं दिखाने के फलस्वरूप जोगेन्द्र पाण्डे को उच्चाधिकारी के आदेश-निर्देशों की अवहेलना, अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता,लापरवाही बरतने तथा छत्तीसगढ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 72 के तहत् ग्राम पंचायत सचिव के विहित कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन नहीं करने के कारण जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन द्वारा ग्राम सचिव जोगेन्द्र पाण्डे को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम, 1999 के नियम 4 (1) (क) के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में जोगेन्द्र पाण्डे का मुख्यालय कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, बस्तर निर्धारित किया गया है। साथ ही निलंबन अवधि में छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील), नियम, 1999 के नियम, 13 के तहत् नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

## छत्तीसगढ़ में 16 जून से शुरू होगा शाला प्रवेश उत्सव

■ सीएम साय ने जनप्रतिनिधियों से की सहभागिता की अपील

■ शिक्षा को जनअभियान बनाने की दिशा में राज्य सरकार की नई पहल

**रायपुर, 14 जून।** छत्तीसगढ़ में आगामी 16 जून 2025 से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के समस्त जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर ÷शाला प्रवेश उत्सव÷ में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। यह आयोजन राज्य में शिक्षा के क्षेत्र को सशक्त बनाने और शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में लिखा है कि प्रदेश को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने का लक्ष्य चुनौतीपूर्ण अवश्य है, परंतु यह असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि ÷असंभव को संभव÷ बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर सार्थक प्रयास करने होंगे। इसके लिए सबसे पहले यह जरूरी है कि कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे और सभी बच्चों का समय पर प्रवेश सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री साय ने यह भी उल्लेख किया कि राज्य में शिक्षा का अधिकार अधिनियम प्रभावशील है, तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत यह सुनिश्चित किया गया है कि कक्षा 12वीं तक शाला त्याग दर को धीरे-धीरे शून्य किया जाए। इसके लिए शैक्षणिक अवरोधों को पहचानकर उन्हें दूर करने की जिम्मेदारी सभी हितधारकों की साझा है। मुख्यमंत्री साय ने जानकारी दी कि राज्य सरकार द्वारा ÷मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान÷ की शुरुआत की जा रही है, जिसका उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारना है। इसके साथ ही, सरकार द्वारा शिक्षकों एवं विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण करते हुए शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षकों की प्राथमिकता से पदस्थापना की गई है।

# किसानों ने जाना फसल चक्र परिवर्तन के फायदे

**रायपुर, 14 जून।** विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत गुरुवार को सुकमा जिले के ग्राम चिंगावरम, नागारास, बोदारास, उरमापाल, मड़वाही एवं नुलकातोंग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 29 मई से 12 जून तक पन्द्रह दिनों तक चले विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन कोंटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मड़वाही में सम्पन्न हुआ। विकसित कृषि संकल्प अभियान से जिले के 800 से अधिक किसानों ने फसल चक्र परिवर्तन के फायदे की जानकारी प्राप्त की। अभियान के दौरान किसानों को कृषि विभाग, पशुपालन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इसके साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों के द्वारा बीज उत्पादन, 17 प्रतिशत नमक घोल से बीज उपचार एवं आगामी खरीफ सीजन की तैयारी हेतु कृषकों को विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में किसानों को जानकारी देते हुए बताया गया कि प्राकृतिक खेती में फसलों के पोषक तत्व की आपूर्ति हेतु जीवाणु खाद फसल अवशेष और प्रकृति में उपलब्ध खनिज जैसे रॉक फास्फेट का उपयोग किये जाते हैं। इनके खेत में उपयोग से मिट्टी में पोषक तत्वों की वृद्धि के साथ-साथ जैविक गतिविधियों का विस्तार होता है। प्राकृतिक खेती में बीजामृत, घनजीवामृत, जीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्नि अस्त्र, दशपर्णी अर्क का उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही जैविक खेती में जैव उर्वरक अंतर्गत नील हरित काई, राइजोबियम कल्चर, एजोस्पाइरिलम, एजोटोबैक्टर, स्फूर घोलक जीवाणु (पीएसबी), कचरा अपघटक का उपयोग किया जाता है। किसानों को पोषक तत्वों से भरपूर लघु धान्य फसलों के बढ़ती मांग को देखते हुए रागी, कोदो, कुटकी की फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया गया।



## दंतेवाड़ा की पूर्णिमा बनी प्रेरणा स्रोत, घर में बनाया पढ़ाई का कोना, अब किशोरों को करेंगी जागरूक

**दंतेवाड़ा, 14 जून।** दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा विकासखंड के ग्राम बेदीपारा की किशोरी पूर्णिमा नागवंशी आज युवाओं के लिए मिसाल बन गई हैं। हाल ही में आयोजित एक कार्यशाला में भाग लेने के बाद पूर्णिमा ने अपने घर में ष्पढ़ाई का कोनाष् तैयार कर शिक्षा के प्रति नई पहल की शुरुआत की है। जिला प्रशासन, यूनिसेफ और सर्वहितम के संयुक्त प्रयासों से आयोजित की गई थी, इस कार्यशाला में मितानिन दीदियों, ग्रामीण महिलाओं, अभिभावकों और किशोर-किशोरियों ने हिस्सा लिया। इसमें रूप नहीं गुण को देखो, आज क्या सीखा और पढ़ाई का कोना जैसे कार्यक्रमों पर प्रशिक्षण दिया गया। पूर्णिमा नागवंशी, जो इस कार्यशाला की प्रतिभागी थीं, ने इस पहल के महत्व को गंभीरता से समझा। घर लौटकर उन्होंने अपनी मां की पुरानी साड़ी से एक घेरा बनाकर एक शांत और सुव्यवस्थित अध्ययन स्थल तैयार किया। उन्होंने वहां अपनी किताबें सजाईं, दीवार पर पढ़ाई का रूटीन चिपकाया और उसी स्थान को अपनी नियमित पढ़ाई का केंद्र बना लिया।



## नशे में धुत मिले शिक्षा विभाग के अधिकारी, वीडियो वायरल

**रायपुर, 14 जून।** शिक्षा विभाग के सहायक संचालक मुकेश मिश्रा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे ड्यूटी के दौरान नशे में नजर आ रहे हैं। वीडियो में मिश्रा न सिर्फशिक्षकों और पुलिसकर्मियों के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते दिख रहे हैं, बल्कि यह भी कहते सुने जा सकते हैं कि यदि उन्हें निलंबित किया गया तो वे 15 दिन में वापस लौट आएंगे। इस पूरे मामले की शिकायत शिक्षक साझा मंच द्वारा संयुक्त संचालक से की गई है। शिकायत के बाद संयुक्त संचालक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए हैं और तीन दिन के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

# खनिज विभाग के जांच दल ने गौण खनिज का अवैध उत्खनन-परिवहन पर की कार्यवाही

■ 6 वाहनों को जप्त कर किया प्रकरण दर्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 14 जून।** कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार खनिज विभाग के जांच दल द्वारा 09 जून को ग्राम बनियागांव में अवैध उत्खनन के सूचना प्राप्त होने पर मौके पर 01 चैन माऊण्टेन मशीन को जप्त कर थाना प्रभारी नगरनार की अभिरक्षा में दी गई है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को समझाइश दी गई कि अवैध रेत उत्खनन, परिवहन की रोकथाम में सहयोग करें तथा अवैध उत्खनन-परिवहन की सूचना भी विभाग को दें। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशानुसार वर्षा काल में 10 जून से 15 अक्टूबर 2025 तक रेत उत्खनन बंद रखा गया है। इसी प्रकार विगत दिनों से अब तक बस्तर जिला अंतर्गत ग्राम तिरथुम, सोनारपाल, फरसागुड़ा, केशलुर, नलपावंड क्षेत्रों का औचक निरीक्षण में अवैध रूप से गौण खनिज का 05 वाहनों में अवैध परिवहन,उत्खनन, भण्डारण करते पाये जाने पर परिवहनकर्ताओं और उत्खन्नकर्ताओं के विरुद्ध गौण खनिज का अवैध परिवहन कर रहे वाहनों का प्रकरण दर्ज करते हुये पुलिस अभिरक्षा में दी गई है। वाहनों को खनिज मय जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपते हुए वाहन मालिकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किया जा रहा है। इसमें एक प्रकरण पर जप्ती की कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी (रा0) तोकापाल द्वारा की गई है। शेष प्रकरण में कार्यवाही के दौरान जिला खनिज जांच उड़नदस्ता दल के खनि अधिकारी शिखर चेरपा, खनि निरीक्षक गिदुल गुहा तथा खनि सिपाही डिकेश्वर खरे, सीताराम नेताम, विकास नायक, जलंधर बघेल, महादेव सेठिया, संतोष सहारा उपस्थित थे। उपरोक्त सभी प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 सहपठित खान एवं खनिज (विकास तथा विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।



## समाचार संक्षेप

### स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती, विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति से जनता को राहत



**सुकमा, 14 जून।** जिला प्रशासन सुकमा द्वारा खनिज न्यास निधि मद के अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं को सशक्त बनाने हेतु जिला अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों और चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। यह पहल न केवल आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा सुनिश्चित करेगी, बल्कि ग्रामीण व दूरस्थ अंचलों को भी स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने में मील का पत्थर साबित होगी। जिले के प्रत्येक नागरिक को सुलभ, सस्ती और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा प्रदान करना हमारी प्रतिबद्धता है। यह नियुक्ति ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी और दूरस्थ अंचलों तक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होंगी। यह निर्णय जनस्वास्थ्य की दिशा में प्रशासन का एक ठोस कदम है, जो सुकमा को 'स्वस्थ जिला' बनाने की दिशा में अग्रसर करता है।

### अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों व स्व. फनिता सोढ़ी को कांग्रेस ने राजीव भवन में दी श्रद्धांजलि



**जगदलपुर, 14 जून।** आज बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा संभाग मुख्यालय राजीव भवन में अहमदाबाद लंदन एयर इंडिया विमान के दुखद हादसे के सभी मृतकों व पूर्व सांसद स्व.मानकुराम सोढ़ी जी की धर्मपत्नी स्व.फ़निता सोढ़ी जी को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा,अहमदाबाद लंदन एयर इंडिया विमान हादसा बेहद दुखद घटना है इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है,इस घटना में कुल 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई थी,वही इस घटना में एकमात्र जीवित बचे यात्री सहित अन्य घायलों का इलाज चल रहा है.आज कांग्रेस पार्टी ने राजीव भवन में समस्त मृतकों व आज राजीव में बस्तर के पूर्व सांसद स्व.मानकुराम सोढ़ी जी की धर्मपत्नी स्व.फ़निता सोढ़ी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की है साथ ही अहमदाबाद एयर इंडिया विमान घटना में अपने लोगों को खोने वाले पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करती है एवं इस दुखद घटना में घायल हुए सभी लोगों के स्वास्थ्य लाभ की कामना करती है। इस अवसर पर पूर्व विधायक रेखचंद जैन, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश राय, रामशंकर राव, सुषमा सुता, रविशंकर तिवारी, हनुमान द्विवेदी, नरेंद्र तिवारी,वेंकट राव, रोजवीन दास, जिशान कुरैशी, पार्षद शुभम यदु,जस्टिन भवानी, ललिता राव कमलेश पाठक, एस नीला, सायमा अशरफ, सलीम जाफर अली, सुलो कश्यप, संजू गुप्ता, खीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### विमान हादसा में मृत लोगों आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की



**रायपुर, 14 जून।** हमारे मार्निंग वाक एवं काफी ग्रुप शंकरनगर चौपाटी द्वारा अहमदाबाद विमान हादसा में मृत लोगों आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद , बिहारी राम वर्मा पूर्व सरपंच सरोरा,डी.आर.साहू.सीताराम वर्मा, सीताराम कुर्रे वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, रामानंद पाण्डेय वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, सुधीर चौबे महामंत्री भाजपा शंकर नगर मंडल, रामेश्वर साहू, पत्रकार दिलीप नामपल्लीवार,बबला ध्रुव, शिवलाल देवांगन, लंकेश वर्मा, राधे निषाद,मोहन राव,बबला साहू, कामेश साहू, सुभाष, मुकेश तिवारी,राजू प्रजापति, कृष्णकांत शर्मा, राजेश मिश्रा, टोमन यादव उपस्थित थे।

### बस्तर संभाग में 1611 शालाओं का युक्तियुक्तकरण

■ अब बच्चों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं, सर्वसुविधा होंगे स्कूल परिसर

**सुकमा, 14 जून।** छत्तीसगढ़ में शिक्षा क्षेत्र को सशक्त और समावेशी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। राज्य सरकार द्वारा बस्तर संभाग की 1611 शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है, जिससे दूरस्थ अंचलों के बच्चों को अब बेहतर शिक्षण-सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इस योजना का उद्देश्य संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। यह प्रयास राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के मूल सिद्धांतों के अनुरूप है। बस्तर के कई स्कूल शिक्षक विहीन थे या एक ही शिक्षक को कई कक्षाओं को पढ़ाना पड़ता था। कहीं छात्र संख्या बहुत कम थी, तो कहीं स्कूल भवन व संसाधन बिना उपयोग के खाली पड़े थे। ऐसी परिस्थितियों में बच्चों की सीखने की प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी और स्कूल ड्रॉपआउट की दर भी चिंताजनक बनी हुई थी। इस योजना के तहत ऐसे स्कूलों की पहचान की गई है जहाँ या तो छात्र संख्या नगण्य है या एक ही परिसर/निकटवर्ती क्षेत्रों में एक से अधिक शालाएं संचालित हो रही थीं। इन शालाओं को एकीकृत कर सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है। इससे शिक्षक, छात्र और शैक्षणिक संसाधन सभी का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो रहा है। बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक शिक्षा से प्राप्त जानकारी के अनुसार के बस्तर, बीजापुर, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कांकेर और सुकमा जिलों में ऐसी शालाओं को चिन्हित किया गया, जहाँ या तो छात्र संख्या बहुत कम थी या एक ही परिसर में अथवा निकट में दो से अधिक शालाएं संचालित हो रही हैं, इन शालाओं को एकीकृत कर उन्हें बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है।

### नक्सल प्रभावित और कमजोर तबके के बच्चों के लिए प्रयास विद्यालय का प्रयास हो रहा सार्थक

■ इस वर्ष 10वीं के 13 बच्चों ने मेरिट में बनाया स्थान

**रायपुर, 14 जून।** राज्य सरकार द्वारा नक्सल प्रभावित और कमजोर तबके के बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रयास आवासीय विद्यालयों के प्रयास से इस वर्ष 13 बच्चों ने मेरिट में स्थान बनाया है। वहीं प्रयास विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे 10वीं बोर्ड का ओवरऑल परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा है। इसमें 98.35 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। इससे प्रयास विद्यालय संचालन का उद्देश्य सार्थक हो रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रयास योजना मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना का एक महत्वपूर्ण घटक है। योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सक्षम बनाकर व्यावसायिक उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश कराकर उनके जीवन में स्थयित्व प्रदान करना इस योजना का प्रमुख लक्ष्य है। गौरतलब है कि प्रयास आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ने वाले बच्चे बहुत ही सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं एवं अधिकतर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से संबंधित हैं। इन्होंने अपनी मेहनत, दृढ़ इच्छाशक्ति तथा विद्यालय के कड़े अनुशासन एवं अध्यापकों द्वारा दिए गए बेहतर मार्गदर्शन के बल पर बड़ी सफलता प्राप्त की है।

## एक नजर

### ड्यूटी में घोर लापरवाही, एएसआई समेत 6 पुलिसकर्मी निलंबित

**बलरामपुर,14 जून।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के पुलिस कप्तान ने ड्यूटी में घोर लापरवाही बरतने वाले 6 पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है. इन पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई के दौरान घोर लापरवाही बरतने का आरोप है. इसकी शिकायत मिलने के बाद एसपी वैभव बैंकर ने एसआई, प्रधान आरक्षक, आरक्षक समेत 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है.जिन पुलिसकर्मियों के खिलाफ एक्शन लिया गया है, वह सभी राजपुर थाने में पदस्थ थे. बताया गया कि 12 जून को थाना राजपुर के सामने मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की जा रही थी. इस दौरान एसआई, प्रधान आरक्षक, आरक्षक समेत 6 पुलिसकर्मियों ने घोर लापरवाही बरती. इस मामले में पुलिस अधिक्षक ने निलंबन की कार्रवाई करते हुए कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं किए जाएंगे.

### सर्पदंश के मामले पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में शीघ्र कराएं इलाज

**रायगढ़, 14 जून।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने जनसामान्य को सर्पदंश के मामलों में विशेष सर्तकता बरतने हेतु सलाह दी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को सर्पदंश होता है तो तुरंत ही स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु पहुचाएं क्योंकि देर होने पर शरीर में जहर फैलने लग जाता है जिससे गंभीर स्थिति निर्मित होती है। साथ ही झाड़-फूंक में समय व्यतीत न करें। और समय रहते अपना इलाज कराकर जीवन बचायें।सीएमएचओ ने बताया कि आगामी बरसात के मौसम में सर्पदंश के प्रकरण अधिकांश पाये जाते है जिसमें सर्पदंश को लेकर अक्सर लोग जड़ी बूटी या झाड़-फूंक में ज्यादा यकीन रखते है और ऐलोपैथिक इलाज करने से कतराते है जिससे समय पर उचित इलाज न मिलने से जीवित रहने की उम्मीद कम हो जाती है।

### खाद-बीज दुकानों की जांच जारी

**धमतरी 14 जून।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर चालू खरीफ मौसम में किसानों को गुणवत्तायुक्त अच्छे बीज-खाद और दवाई उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग के उप संचालक सहित अन्य अधिकारियों द्वारा लगातार दुकानों की जांच की जा रही है। उप संचालक, कृषि श्री मोनेश साहू ने आज नगरी-मगरलोड की कई दुकानों और कृषि केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान बीज-खाद विक्रेताओं को सीधे चेताया गया कि नकली खाद-बीज बेचने या उसमें संलिप्तता पाए जाने पर एफआईआर के साथ ही दुकान का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। उप संचालक ने स्थानीय गुणवत्ता नियंत्रण अधिकारी एसएडीओ और एसडीओ को सभी दुकानों से खाद-बीज दवाओं के नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए प्रयोगशालाओं में भेजने के निर्देश भी दिए।

### बोर्ड परीक्षा परिणाम आशानुरूप नहीं आने पर शिक्षकों पर तय होगी जिम्मेदारी:कलेक्टर

**धमतरी 14 जून ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि बोर्ड परीक्षा परिणाम आशानुरूप नहीं आने पर अब शिक्षकों और प्राचार्यों पर जिम्मेदारी तय होगी। जिन स्कूलों के परिणाम कम आये है, उन स्कूलों के प्राचार्य इसके कारणों पर विचार करें और उनमें सुधार करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने आज शिक्षा विभाग के अधिकारियों और प्राचार्यो की समीक्षा बैठक ली। स्थानीय डॉ. शोभाराम देवांगन हायर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर ने कहा कि धमतरी जिले में अच्छे शिक्षक, बच्चे और जागरूक पालकगण हैं, जो बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान रखते है। उसके बाद भी जिले के 13 ऐसे स्कूल है, जिनमें 50 प्रतिशत से भी कम परिणाम आये है, जो सोचनीय है।कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में सुधार की आवश्यकता है, जो इस वर्ष आप सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों के परिणाम सुधारने हेतु मासिक, तिमाही और छमाही परीक्षा आयोजित कर अच्छी तैयारी करायें। आने वाले दिनों में इसी पर समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि आप सभी कक्षा के कमजोर बच्चों को अलग क्लास लेकर उनके स्तर में सुधार करें और मेधावी विद्यार्थियों को मेरिट में आने के अनुरूप तैयारी करायें। उन्होंने सभी प्राचार्यों से कहा कि स्वप्रेरणा और इच्छाशक्ति से कार्य करें तो स्कूल का परिणाम अच्छा लाया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि अन्य जिलों की अपेक्षा धमतरी जिले में ज्यादा बेहतर सुविधायें उपलब्ध है। इसका समुचित उपयोग करते हुए बच्चों की पढ़ाई पर फोकस करें। उन्होंने 16 जून को जिले के सभी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव की सभी तैयारियां पूरी करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दिन बच्चों को पाठ्यपुस्तक, गणवेश और बालिकाओं को सायकल वितरित करने को भी कहा कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्राचार्यों से कहा कि पीएमश्री स्कूलों की तर्ज पर अब हायर सेकेण्डरी स्कूलों में भी एक प्रतिस्पर्धा आयोजित की जायेगीं।

### 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
### योगा संगम एवं हरित योग' थीम पर आधारित योग कार्यक्रम 21 जून को

**रायगढ़, 14 जून।** 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगा संगम एवं हरित योग' थीम पर आधारित योग कार्यक्रम 21 जून 2025 को प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक स्टेडियम ग्राउण्ड बोईरदादर रायगढ़ में आयोजित होगा। योग कार्यक्रम के सुव्यवस्थित आयोजन हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ को नोडल अधिकारी तथा जिला स्तरीय विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपा गया है।

### जिला परिवहन कार्यालय का स्थान परिवर्तन

**रायगढ़, 14 जून।** जिला परिवहन अधिकारी ने रायगढ़ जिलेवासियों को जानकारी देते हुए बताया कि जिला परिवहन कार्यालय (आरटीओ) का स्थान परिवर्तन किया जा रहा है। 16 जून 2025 से कार्यालय का नवीन स्थान जिला परिवहन कार्यालय, पता-उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया, रायगढ़ में आगामी कार्यालयीन समस्त कार्य संपादित किए जायेंगे।

# वन भूमि से अवैध कब्जा हटाने प्रशासन ने चलवाया बुलडोजर



**अंबिकापुर,14 जून।** अंबिकापुर के ग्राम चोरखा कछार में वन भूमि पर कब्जा कर बनाए घरों पर शनिवार को प्रशासन का बुलडोजर चला. अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए 500 से अधिक पुलिस बल के साथ वन अमला और राजस्व की टीम मौके पर मौजूद हैजानकारी के अनुसार, ग्राम चोरखा कछार में वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर बनाए गए 39 घरों को कब्जा हटाने के लिए पूर्व में वन विभाग ने नोटिस जारी किया था. इसके बाद भी कब्जाधारियों द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने के बाद आज प्रशासन ने बुलडोजर चलाना शुरू कर दिया.अंबिकापुर, रायगढ़ सहित प्रदेश के अन्य जिलों में लगातार चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सरकारी जमीनों पर जिसका कब्ज़ा होगा, शासन उन्हें नोटिस देकर अवसर देती है. यदि कब्जा नहीं हटता तो और कोई विकल्प नहीं होता. अवैध अतिक्रमण से आम लोगों को समस्या होती है, इसलिए अवैध अतिक्रमण हटाना जरूरी है.

## कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक

**रायगढ़, 14 जून।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी रायगढ़ श्री मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी रायगढ़ के कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने रेडक्रॉस सोसायटी के काम-काज की समीक्षा की।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने जिला दिव्यांगजन पुर्नवास केन्द्र रायगढ़ हेतु नवीन मशीनों के मांग एवं विकृति सुधार हेतु सहायक उपकरणों के क्रय के संबंध में चर्चा की। उन्होंने गत बैठक के पालन-प्रतिवेदन के तहत दिव्यांगजन एवं पुर्नवास केन्द्र हेतु फिजियोथैरेपी के नवीन मशीनों के खरीदी के संबंध में कोटेशन प्राप्त कर तत्काल कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने रेडक्रॉस के सदस्यता अभियान की समीक्षा की। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि रेडक्रॉस में सदस्यता अभियान को बढ़ाया जाए, जिससे जरूरतमंद लोगों के लिए चलने वाली सेवा गतिविधियों का दायरा बढ़ सके। जिसके लिए उन्होंने जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को जिले के उद्योगों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों से रेडक्रॉस की सदस्यता प्राप्त करने हेतु प्रेरित करने को कहा।

## रेलवे रिश्वत कांड के आरोपी ने जमानत अर्जी लिया वापस

**बिलासपुर,14 जून।** रेलवे में ठेका हासिल करने के लिए अधिकारियों को लाखों रूपये रिश्वत देने के आरोपी ठेकेदार सुशील झाझरीया सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे निर्माण विभाग के पूर्व अधिकारी सहित अन्य को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है. इस मामले में ठेकेदार सुशील की ओर से हाईकोर्ट में जमानत आवेदन पेश किया गया था. सीबीआई के अधिवक्ता बी गोपा कुमार ने अपराध की गंभीरता एवं साक्ष्य को देखते हुए जमानत दिए जाने का विरोध किया. कोर्ट आवेदन खारिज करती इससे पहले याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने आवेदन वापस ले लिया है, इस पर कोर्ट ने आवेदन को निराकृत किया है. ठेकेदार सुशील झाझरीया की और से अधिवक्ता ने उपचार के लिए अंतरिम जमानत दिए जाने की मांग की थी.आवेदन में कहा गया था कि, आवेदक किडनी रोग से पीड़ित है तथा उसकी स्वास्थ्य स्थिति इतनी गंभीर है कि किडनी रोग के उपचार से उसके कई अंग काम करना बंद कर सकते हैं तथा किसी भी समय कोई अप्रिय घटना घट सकती है तथा जमानत आवेदन पर सुनवाई करने की अत्यधिक तत्परता दर्शाते हुए, जिसमें अंतरिम जमानत प्रदान करने की मांग की गई थी. आवेदक के अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए तर्कों तथा आवेदक की बीमारी के संबंध में उनके द्वारा दर्शाई गई तत्परता के कारणों पर विचार करते हुए, जमानत आवेदन को उसी दिन सूचीबद्ध किया गया.सुनवाई के बाद, आवेदक दुबारा गंभीर बीमारी के आधार पर अंतरिम जमानत आवेदन दायर किया गया है और आवेदक ने अपने उपरोक्त अंतरिम जमानत आवेदन के समर्थन में विभिन्न किडनी चिकित्सा दस्तावेज दायर किए हैं. सीबीआई की ओर से उपस्थित अधिवक्ता को वर्तमान आवेदक के चिकित्सा दस्तावेजों का सत्यापन करवाने और आवेदक की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति और जेल अस्पताल या किसी अन्य अस्पताल में उसके उपचार के संबंध में विस्तृत चिकित्सा रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था. मामले में आज अंतिम सुनवाई हुई और आवेदक की ओर से आवेदन वापस ले लिया गया.

## शासकीय स्कूलों के बच्चों का करें नेत्र परीक्षण:कलेक्टर



**रायगढ़, 14 जून।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय, जीवन दीप समिति कार्यकारणी की बैठक ली। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करना हमारा प्रयास होना चाहिए।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने जिला अस्पताल एवं संबंद्ध अस्पतालों के सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने ओपीडी, आईपीडी की समीक्षा करते हुए उसे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने आई सर्जन की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि मोतियाबिंद सर्जरी शत-प्रतिशत होने चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल एवं शासकीय स्कूलों के बच्चों के परिजन जानकारी के अभाव एवं जागरूकता की कमी के कारण अपने बच्चों के नेत्र परीक्षण से वंचित हो जाते है, जिससे इन स्कूलों के बच्चों का पढ़ाई प्रभावित होता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि स्कूली बच्चों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें चश्मा प्रदान करना सुनिश्चित करें, ताकि उनकी पढ़ाई किसी भी प्रकार से प्रभावित न हो।इस दौरान उन्होंने दंत चिकित्सा विभाग की ओपीडी, फिजियोथैरेपी, टीकाकरण, मानसिक स्वास्थ्य इकाई ओपीडी, पैथोलॉजी, लैब टेस्ट, सिकल सेल टेस्ट जैसे विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने टीकाकरण के संबंध में कहा की विशेष कार्ययोजना बनाकर शिशुओं को लगने वाले समस्त टीका लगवाया जाए। साथ ही उन्होंने अस्पताल में होने वाले लैब टेस्ट के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सिकल सेल की जानकारी लेते हुए कहा कि अधिक से अधिक सिकल सेल का टेस्ट सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सोनोग्राफी संख्या की जानकारी लेते हुए कहा कि मितानिनों को गर्भवती महिलाओं के संबंध में बेहतर जानकारी होती है। ऐसे महिलाओं का शत-प्रतिशत सोनोग्राफी करें, आवश्यक होने पर महिलाओं को अस्पताल तक लाने हेतु एम्बुलेंस की सुविधा भी सुनिश्चित करें।

### संयुक्त टीम द्वारा औद्योगिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण, अनियमितता पर नोटिस जारी

**महासमुंद, 14 जून ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार गठित जिला स्तरीय संयुक्त जांच दल द्वारा बिरकोनी स्थित ओरी प्लास्ट लिमिटेड एवं सिद्धार्थ पॉलीट्यूब प्रा.लि. औद्योगिक इकाइयों का औचक निरीक्षण किया गया।संयुक्त टीम में शामिल सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बलौदाबाजार श्री मनीष कुमार कुंजाम, श्रम पदाधिकारी श्री डी.एन. पात्र, विधिक माप विज्ञान विभाग के निरीक्षक श्री सिद्धार्थ दुबे एवं पर्यावरण विभाग से साइंटिस्ट श्री मानिक चंदेल उपस्थित रहे।

## अबूझमाड़ में सड़क निर्माण के नाम पर पेड़ों की अवैध कटाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नारायणपुर,14 जून।** जिले के अबूझमाड़ इलाके में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। कस्तूरमेटा से टेकानार और धोंडरीबेड़ा से कदेर तक सड़कों के निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन इस दौरान सैकड़ों कीमती पेड़ काटे गए और सड़क किनारे डाल दिए गए। बाद में इन्हें आग के हवाले कर दिया गया। जिससे वन विभाग को लाखों रुपये की राजस्व हानि हुई है।

**वन विभाग की अनदेखी और उच्च अधिकारियों की चुप्पी**

वन विभाग के डीएफओ ने मामले पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया और बताया कि अबूझमाड़ अनसर्वेड इलाका होने के कारण वन विभाग कार्यवाही नहीं कर सकता। उन्होंने उच्च अधिकारियों से बातचीत करने की बात कही। यह मुद्दा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह क्षेत्र प्रदेश के वनमंत्री केदार कश्यप का विधानसभा क्षेत्र है। वनमंत्री के क्षेत्र में इस तरह की घटना होने से कई सवाल उठ रहे हैं।

एनएसयूआई अध्यक्ष विजय सलाम ने वन मंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश के वन मंत्री के विधानसभा में सड़क निर्माण के दौरान पेड़ों की कटाई करके जलाया जा रहा हैए जिससे वन विभाग को लाखों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। उन्होंने वन मंत्री से मांग की है कि काटे गए पेड़ों को काष्ठागार में लाया जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। विजय सलाम ने आरोप लगाया कि वन विभाग कुंभकर्णीय नींद सोया हुआ है और अधिकारी अनसर्वेड इलाका होने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान पेड़ों की कटाई से उन्हें कोई आपत्ति नहीं हैए लेकिन पेड़ों को आग के हवाले करना गलत है। उन्होंने वन विभाग से मांग की है कि वे इस मामले में कार्रवाई करें और दोषियों को सजा दिलाएं।

**आगे की कार्रवाई**

वन विभाग और सरकार को इस मुद्दे पर जांच करनी चाहिए और दोषियों के खिलाफकार्रवाई करनी चाहिए। साथ हीए भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। अब देखना यह है कि वन विभाग और सरकार इस मुद्दे पर क्या कार्रवाई करती हैघ् क्या वे पेड़ों की कटाई के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाएंगे।

अबूझमाड़ में सड़क निर्माण के नाम पर पेड़ों की कटाई और जलाना एक गंभीर मुद्दा है। वन विभाग और सरकार को इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए। हमें उम्मीद है कि वन विभाग और सरकार इस मुद्दे पर कार्रवाई करेंगे ।और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे।

## बच्चों को पढ़ना जितना जरूरी, उतना ही खेलना भी जरूरी:महापौर

**धमतरी 14 जून।** जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बीते 13 मई से चलाये जा रहे जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन आज स्थानीय बाबू पंडरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर श्री रामू रोहरा ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के लिए पढ़ाना-लिखना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी खेलना भी है। खेलने से शरीर स्वथ्य होता है, और स्वस्थ शरीर में स्वस्थ्य मस्तिष्क। आप सभी अच्छी पढ़ाई कर विभिन्न पदों पर आसीन होकर देश की सेवा करेंगे। उन्होंने खेल प्रशिक्षक श्री लक्ष्मण साहू की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेलने-खिलाने की कोई उम्र नहीं होती है, आज भी वे बच्चों को खेल सिखाकर नई पीढ़ी तैयार कर रहे है, जो आने वाले समय में जिला, प्रदेश और देश का नाम रौशन करेंगे। श्री रोहरा ने कहा कि जिले में खेलों के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार हो रहा है, इसके लिए खेल मैदानों का विकास, प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन, प्रतिभावान खिलाड़ियां को मंच प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके। श्री रोहरा ने जिला प्रशासन के इस आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी। प्रभारी जिला खेल अधिकारी एवं एसडीएम श्री पीयूष तिवारी ने कहा कि 13 मई से शुरू हुए इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को फुटबाल, बास्केटबाल, रग्बी, लॉन टेनिस, किक बाक्सिंग, हैण्डबॉल, योगा, कुडो, तयक्वांडो, टेबल टेनिस, वेटलिफ्टिंग, कबड्डी खेलों को प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होने बताया कि जिले में जहां बीते वर्ष 7 समर कैंप आयोजित होते थे, वहीं इस वर्ष इनकी संख्या 21 हो गयी है, जो दर्शाता है कि जिले में खेलों को लेकर एक सकारात्मक और जागरूक वातावरण का निर्माण हो रहा है। श्री तिवारी ने बताया कि इस बार 21 प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से जिले के 730 खिलाड़ियों को खेल का प्रशिक्षण दिया गया है।

### दावा-आपत्ति निराकरण सूची जारी

**रायगढ़, 14 जून।** सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत पूरक पोषण आहार व्यवस्था अंतर्गत रेडी टू ईट फोर्टिफाईड आटा का परियोजना स्तर पर स्थापित यूनिट के माध्यम से निर्माण एवं आपूर्ति हेतु बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी, रायगढ़ ग्रामीण, तमनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, कापू, लैलूंगा, मुकडेगा एवं खरसिया जिला-रायगढ़ अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह का चयन किए जाने अभिरूचि का प्रस्ताव जारी कर आवेदन आमंत्रित किया गया था।

## कलेक्टर के निर्देश पर अवैध उत्खनन, परिवहन पर सतत कार्रवाई जारी



**महासमुंद 14 जून ।** उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के द्वारा पारित अंतरिम आदेश तथा छत्तीसगढ़ शासन, खनिज साधन विभाग के परिपत्र के परिपालन में खनिजों के अवैध उत्खनन / परिवहन / भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम करने हेतु आदेशित किया गया है। कलेक्टर श्री विनय लंगेह के निर्देशानुसार राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा ग्राम घोड़ारी में अवैध उत्खनन की शिकायत प्राप्त होने पर संयुक्त रूप से आज शुक्रवार को ग्राम घोड़ारी पहनं. 33 रानिमं. तुमगांव तहसील महासमुंद स्थित खसरा नं. 06 रकबा 0.24 हेक्टेयर में क्षेत्र में श्रीमती सुभ्रदा यादव पति श्री रामाश्रय यादव के पक्ष में गौण खनिज फर्शीपत्थर हेतु स्वीकृत उत्खनिप?ट्टा का पंच गवाहो के समक्ष जांच किया गया। मौके पर स्वीकृत क्षेत्र को दर्शाने वाले कोआर्डीनेट के साथ सीमा स्तंभ लगे हुये पाया गया एवं तार फेसिंग होना पाया गया। खदान में उत्खनन कार्य स्थापित सीमा स्तंभ के एवं स्वीकृत नक्शे में चिन्हांकित भाग पर ही होना पाया गया।उपरोक्त के अलावा स्वीकृत खदान के पश्चिम दिशा में 15 मीटर की दूरी पर नदी क्षेत्र के शासकीय भूमि पर फर्शीपत्थर का अवैध उत्खनन लगभग लंबाई 35 मीटर, चौड़ाई 17 मीटर एवं उंचाई 01 मीटर कुल 595 घनमीटर क्षेत्र में किया जाना पाया गया।

## वर्षा ऋतु में मछलियों के संरक्षण हेतु 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट रहेगा प्रतिबंधित

**महासमुंद 14 जून ।** ाज्य शासन द्वारा मछलियों की वंश वृद्धि एवं प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2025-26 में भी विगत वर्षों की भांति मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है। यह प्रतिबंध आगामी 16 जून 2025 से 15 अगस्त 2025 तक लागू रहेगा।इस अवधि में जिले के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों (जो नदी-नालों से जुड़े हुए हैं) में मत्स्याखेट (मछली पकड़ने) की गतिविधियाँ पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी। केवल ऐसे छोटे तालाब अथवा जल स्त्रोत, जिनका संबंध किसी भी नदी या नाले से नहीं है, एवं जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है।

यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3 (5) के अंतर्गत उस पर एक वर्ष तक का कारावास, 10,000 रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ दंड के रूप में दिए जा सकते हैं।मत्स्य विभाग द्वारा सभी मत्स्य पालकों, ठेकेदारों एवं मछुआ समुदाय को निर्देशित किया गया है कि वे उक्त अवधि में मछली पकड़ने से परहेज करें, जिससे प्राकृतिक रूप से मछलियों की संख्या में वृद्धि हो सके एवं जल स्त्रोतों में जैव विविधता बनी रहे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन ग्राम पोटेनार एवं बड़े तुगांली में सम्पन्न



**बीजापुर 14 जून ।** विकसित कृषि संकल्प अभियान÷ के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोटेनार एवं बड़े तुगांली, विकासखंड भैरमगढ़, जिला बीजापुर में कृषि विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पोटेनार में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम की जनप्रतिनिधि श्रीमती पायके आलम, सरपंच एवं श्री पांडू राम आलम, उप सरपंच की उपस्थिति रही। ग्राम पंचायत बड़े तुगांली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सरपंच श्री संतोष लेकाम, उप सरपंच श्री श्यामलाल कोहरामी एवं पंच श्री पायकु लेकाम शामिल रहे। इस अवसर पर कृषि विभाग के संभाग स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी श्री एम. एस. ध्रुव, संयुक्त संचालक कृषि जगदलपुर की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने किसानों से धान बीज की किस्मों पर विस्तृत चर्चा की और उन्हें प्राकृतिक खेती को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया। बीजापुर से सहायक संचालक कृषि श्री कृष्ण कुमार सिन्हा, कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर से वैज्ञानिक डॉ. बी. के. ठाकुर एवं विकासखंड भैरमगढ़ से श्री दीपक कुमार जैन (BTM), श्री रोहित राणा (RAEO), श्री मनोज कुमार तिवारी एवं श्री रवि भास्कर (PMFBY) कार्यक्रम में मौजूद रहे। साथ ही उद्यान विभाग से श्री आर. के. तारम (RHEO), पशु चिकित्सा विभाग से श्री राजेश यदु, कु. गायत्री सेंगर एवं सुश्री अर्थी आड़े (AVFO) ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने किसानों को विभिन्न हितकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं उनकी समस्याओं का समाधान सुझाया। श्री कृष्णा सिन्हा द्वारा प्राकृतिक खेती के अंतर्गत जीवामृत, बिजामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र एवं ब्रह्मास्त्र की निर्माण विधि एवं उपयोग की जानकारी दी गई।

## नेशनल इंटरनेशनल पदक प्राप्त खिलाड़ियों ने जिले के कलेक्टर से की सौजन्य भेंट



**बीजापुर 14 जून ।** चंडीगढ़ में आयोजित हुई जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश की गर्ल्स टीम को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ था छत्तीसगढ़ प्रदेश में टीम में बीजापुर जिले से 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ था जिसमेंअनुराधा कोवासी ,अस्मिता मरपल्ली ज्योति ओयाम ,रिंकी हेमला लक्ष्मी बघेल, पूजा कोरसा सभी 6 खिलाड़ी ने प्रदेश को पदक प्राप्त करने में अहम योगदान दिया था। उक्त खिलाड़ियों को कलेक्टर के द्वारा पदक पहनाकर स्वागत किया गया वहीं बैंकॉक में आयोजित हुई एशियाई चैंपियनशिप सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे राकेश पुनेम और राकेश कड़ती के द्वारा भारतीय टीम वापस पहुंचने के बाद जिले के कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा जानकारी ली गई खिलाडियों ने खेलने की बारीकियों से लेकर देश-विदेश से आए टीमों के बारे उनके परफॉर्मेंस तथा भारतीय टीम का क्या रेंक इत्यादि के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर ने खिलाड़ियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया और उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए और अच्छे खेल के प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान जिला खेल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री नारायण प्रसाद गवेल एवं श्रम निरीक्षक और इंटरनेशनल कोच श्री सोपान कर्णेवार उपस्थित थे>

## बीजापुर में मना बाल श्रम निषेध दिवस



**बीजापुर 14 जून ।** बाल श्रम निषेध दिवस अंतर्गत राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार 12 जून 2025 को बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा बाल श्रम निषेध दिवस पर बचपन लौटाये, काम छुड़ाये, पाठशाला में लाये, उज्वलल भविष्य बनाये अभियान चलाने के लिये निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के साथ शहर में प्रचार-प्रसार के लिए भेजा गया। इस पर टीम की अगुवाई जिले के श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार द्वारा शहर के न्यू बस स्टैंड बीजापुर में बाल श्रम निषेध दिवस का प्रचार-प्रसार किशोर न्याय अधिनियम, श्रम निषेध अधिनियम का पापलेट बांटते हुए दुकान, होटल, ढाबों में जाकर चेक किया गया कि श्रमिकों अथवा नौकरों के रूप में बच्चों को नियोजन तो नहीं किया जा रहा है। साथ ही बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर कर उन्हें शिक्षा दिलाने की ओर अग्रसर करने को कहा गया अगर 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कारखानों, होटल एवं ढाँबो, घरेलू कामगार, ईंट भटटी, खपरैल है, यह जानकारी भी प्रचार-प्रसार के दौरान दी गई। श्रम विभाग से आशीष बेलमपाली महिला एवं बाल विकास विभाग से संदीप और राजेश उपस्थित थे।

## डिप्रेशन की शिकार मेडिकल छात्रा ने फांसी लगा की आत्महत्या

**कोरबा, 14 जून।** युवाओं के आत्महत्या करने के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। आए दिन एसी खबरें सामने आती रहती हैं, जहां कोई युवक या युवती किसी वहज से जीवन से हार मान ले रहे हैं और जीवनलीला समाप्त कर ले रहे हैं। ऐसा ही एक मामला कोरबा जिले के कुसमुंडा क्षेत्र से आया है, जहां एक मेडिकल छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।इस घटना को लेकर स्वजन का कहना है कि वह पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन का शिकार थी।



बता दें कि एसईसीएल की कुसमुंडा के विभागीय आवासीय परिसर विकास नगर के आवास क्रमांक एम-55 में शशिभूषण गौतम अपनी पत्नी, 2 पुत्र व 1 पुत्री के साथ निवासरत हैं। उनकी सबसे बड़ी पुत्री डॉक्टर छाया गौतम कैंसर विषय पर एमडी की पढ़ाई रायपुर के एक मेडिकल कॉलेज कर रही थी।परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 8.45 से 9.45 बजे के बीच छाया ने अपने कमरे में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। स्वजन को जब जानकारी हुई, तब उनमें हड़कंप मच गया। आनन-फानन में घटना की सूचना पिता शशिभूषण ने कुसमुंडा पुलिस को दी। थाना प्रभारी युवराज तिवारी स्थल पर पुलिस बल के साथ पहुंचे और शव नीचे उतार कर पंचनामा किया।

# एसपी भावना ने ली पुलिस कर्मचारियों की क्लास

## यातायात जागरुकता के लिए आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत, एजेंडा वार लंबित अपराध, चालान, वारंट, शिकायतों के त्वरित निदान के दिए निर्देश

- सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में लगातार चालानी कार्रवाई करने एवं जागरूकता अभियान चलाने की दी हिदायत
- ग्रामों में नशे के दुष्प्रभाव से लोगों को जागरूक करने हेतु ग्रामों में शिविर लगाकर, लगातार चलाया जाएगा जागरूकता अभियान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 14 जून।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा प्रथम अपराध समीक्षा बैठक लिया गया, जिसमें समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों का एजेंडावार लंबित अपराध, चालान, शिकायतों, धारा 363 भादवि, आबकारी एक्ट की कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उनके द्वारा विशेष रूप से 01 वर्ष से ऊपर के समस्त लंबित अपराध एवं चालान का अनिवार्य रूप से निकाल करने हेतु हिदायत दिया गया। इसके साथ ही क्षेत्र अंतर्गत नशे के दुष्प्रभाव से लोगों को जागरूक करने हेतु ग्रामों में शिविर लगाकर विशेष जागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। विभिन्न प्रकरणों में निर्धारित समयसीमा 60 एवं 90 दिवस के भीतर प्रकरण में संपूर्ण विवेचना कार्य पूर्ण कर तथा आरोपियों की गिरफ्तारी आदि की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। क्षेत्र अंतर्गत गुंडा/निगरानी बदमाशों की नई फाइलें खोलने के लिए प्रस्ताव तैयार कर अविलंब पुलिस कार्यालय भेजने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त प्रकरणों में घटना स्थल का अनिवार्य रूप से ई-साक्ष्य लेने हेतु हिदायत दिया गया है। जिले में अनाधिकृत व्यक्तियों की चेकिंग को और अधिक कारगर करते हुए चेकिंग अभियान में और तेजी लाकर अधिक से अधिक लोगों के फिंगरप्रिंट लिया जाए, इसके लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा 30 जून तक की समयसीमा निर्धारित की गई है।

### आचार्य भगवान विद्यासागर महाराज के समाधि के उपरांत उनके चरण प्रतिरूप की स्थापना

# अष्टधातु से निर्मित चरण भाटापारा पहुंचा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 14 जून।** संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज की समाधि डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ में 18 फरवरी 2024 को हो गई थी। श्री आदिनाथ मंदिर भाटापारा छत्तीसगढ़ में आचार्य विद्यासागर महाराज के अष्टधातु से निर्मित विशाल चरण की स्थापना आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर कृषि उपज मंडी रोड भाटापारा में संपन्न होगी। डोंगरगढ़ से आचार्य भगवान का चरण लेने के लिए अभिषेक मोदी अध्यक्ष मंदिर कमेटी के नेतृत्व में संदीप जैन, नितिन गदिया, मयंक जैन, अंकुश जैन, अरिंजय मोदी डोंगरगढ़ पहुंचे। डोंगरगढ़ में विराजमान आर्यिका 105 आदर्श मति माताजी से मंगल आशीर्वाद लेकर आचार्य भगवान के चरण भाटापारा मंदिर में पहुंचा। आगामी कुछ दिनों के पश्चात विधि विधान से आचार्य भगवान के चरण मंदिर में विराजमान किए जाएंगे। आचार्य भगवान के चरण स्थापना के पूर्व उनके



शिष्य मुनि 108 चिन्मय सागर महाराज जंगल वाले बाबा के चरण आदिनाथ मंदिर में विराजमान है। यह विश्व का पहला मंदिर होगा जहां पर गुरु और शिष्य दोनों के चरण विराजमान होंगे, एक साथ दोनों चरणों के दर्शन का लाभ आप सबको मिलेगा।

## एक नजर

### सेजेस विद्यालयों में संविदा भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन 18 जून से

**बलौदाबाजार, 14 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में संचालित 16 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के रिक्त 88 पदों पर संविदा भर्ती हेतु दावा-आपत्ति पश्चात् प्रावधिक मेरिट सूची में पात्र अभ्यार्थियों का दस्तावेज सत्यापन 18 जून को प्रातः 10.30 बजे से शुरु होगा। 18 जून को व्याख्याता संवर्ग एवं प्रधानपाठक माध्यमिक शाला, 19 जून को शिक्षक संवर्ग, कम्प्युटर शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, ग्रंथपाल एवं 20 जून सहायक शिक्षक संवर्ग, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला एवं प्रयोगशाला सहायक शामिल है। अभ्यर्थी को निर्धारित तिथि को पं. चक्रपाणी शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर बलौदाबाजार में अपनी सभी शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता के दस्तावेज सत्यापन हेतु अपनी उपस्थिति देना होगा।मूल दस्तावेज के साथ समस्त दस्तावेजों का एक सेट छायाप्रति स्व हस्ताक्षरित साथ लेकर उपस्थित होना होगा।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : योगा संगम एवं हरित योग थीम पर होगा आयोजन

**बलौदाबाजार, 14 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन योगा संगम एवं हरित योग आधारित थीम पर किया जाएगा।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून 2025 को प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर बलौदाबाजार में किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन की तैयारी हेतु अधिकारियो की बैठक लेकर जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने समय पर सभी तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत एवं उप संचालक समाज कलयाण व वरिष्ठ खेल अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही अलग -अलग विभाग के अधिकारियो को पृथक- पृथक जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम में योग आयोग द्वारा प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार योग अभ्यास होगा।योगाभ्यास में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, दिव्यांगजन, विशेष रूप से पिछडी जनजाति, विभिन्न आयु वर्ग के महिला व पुरुष, एनजीओ, विभिन्न संस्थाओं एवं छात्र- छात्राएं सम्मिलित होंगे।

### आदिवासी क्षेत्रों में योजनाओं की पहुंच के लिए 15 जून से धरती आबा अभियान



**बलौदाबाजार, 14 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आज धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना अंतर्गत धरती आबा जागरूकता और संतृप्तिकरण अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई।यह अभियान 15 से 30 जून 2025 तक चलेगा। बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि अभियान के तहत जिले के 46 जनजातीय बाहुल्य गांवों का चयन किया गया जहाँ पात्र लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने विशेष शिविर लगाये जाएंगे। इसमें विकासखण्ड कसडोल के 21 गांव, बलौदाबाजार के 13, भाटापारा के 10 एवं विकासखंड सिमगा के 2 गांव शामिल हैं। कलेक्टर ने बताया कि विभागीय अधिकारियों द्वारा चयनित गांव का भ्रमण कर योजनाओं से छूटे हुए हितग्राहियों का गेप आइडेंटिफीकेशन की प्रक्रिया जारी है जो 14 जून तक पूर्ण कर की जाएगी।

**कैडेट्स को दिया जाएगा प्रशिक्षण3** स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से एनसीसी कैडेट्स को सिकल सेल और थेलेसीमिया मित्र बनाने प्रशिक्षण दिया जाएगा। एनसीसी निदेशालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले एनुअल ट्रेनिंग कैम्प और कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैम्प में कैडेट्स को सिकल सेल और थेलेसीमिया की जाँच के साथ इस बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी और कैडेट्स को सिकल सेल और थेलेसीमिया मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। एनसीसी कैडेट्स अपने क्षेत्र में लोगों की काउंसलिंग इत्यादि कर जान जागरूकता की इस मुहिम में सहयोगी बनेंगे।

### बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने आयोजित किया पारंपरिक खेल प्रतियोगिता

# पुलिस जवानों ने रस्साकशी, जलेबी दौड़ व मटका फोड़ स्पर्धा में आजमाया हाथ

- पुलिस अधीक्षक गुप्ता ने जीता मटका फोड़ स्पर्धा का खिताब
- रस्सीकशी में अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की टीम रही विजयी
- मेलजोल की भावना को और अधिक प्रगाढ करने एवं आपसी सामंजस्य स्थापित करने हेतु आयोजित किया गया पारंपरिक खेल प्रतियोगिता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 14 जून।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आज पुलिस लाइन बलौदाबाजार में पारंपरिक खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रातः 07:00 बजे शुरू हुए इस आयोजन में जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस विभाग के भीतर आपसी मेलजोल और सामंजस्य को प्रगाढ़ करना रहा।

प्रतियोगिता की शुरुआत रस्साकशी से हुई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह एवं हेमसागर सिदार की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। बेस्ट ऑफथ्री में अभिषेक सिंह की टीम ने विजय हासिल की। इसके बाद आयोजित हुई जलेबी दौड़ प्रतियोगिता में महिला आरक्षक उत्तरा निराला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं द्वितीय स्थान पर महिला आरक्षक उकेश्वरी वर्मा रहीं। पुरुष वर्ग में निरीक्षक रितेश मिश्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान अपने नाम किया।

प्रतियोगिता का सबसे आकर्षक एवं मनोरंजक हिस्सा रहा मटका फोड़ प्रतियोगिता, जिसमें प्रथम प्रतिभागी के रूप में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने हिस्सा लिया और सफलता पूर्वक मटका फोड़ते हुए प्रतियोगिता का खिताब भी अपने नाम किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन पुलिस बल में नई ऊर्जा का संचार करते हैं तथा सहयोग और समर्पण की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को विभागीय कार्यों में भी इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। जलेबी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें महिला वर्ग में प्रथम स्थान महिला आरक्षक उत्तरा निराला एवं द्वितीय स्थान महिला आरक्षक उकेश्वरी वर्मा ने प्राप्त किया। इसी क्रम में पुरुष वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए जलेबी निरीक्षक रितेश मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंत में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम प्रतिभागी के रूप में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा मटका फोड प्रतियोगिता का खिताब जीता गया। कार्यक्रम के दौरान भावना गुप्ता द्वारा कहा गया कि खेलों के माध्यम से शरीर में एक नई ऊर्जा का प्रचार होता है तथा इससे आपसी मेलजोल एवं पारस्परिक सामंजस्य की भावना और अधिक प्रगाढ़ होती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम इन पारंपरिक खेलों में मिलजुल कर एवं अपनी पूरी ऊर्जा लगाकर खेल जीतने का प्रयास कर रहे हैं, ठीक उसी प्रकार अपने विभागीय कार्यों में भी तन्मयता एवं मन लगाकर पूरी ऊर्जा के साथ निरंतर बढ़िया कार्य करें।

पारंपरिक खेल प्रतियोगिता के आयोजन में अन्य प्रमुख लोगों में तारेश साहू एसडीओपी भाटापारा, तुलसी लेकाम उप पुलिस अधीक्षक साइबर, सुश्री अपूर्वा क्षत्रिय उप पुलिस अधीक्षक अजाक, राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर, जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी तथा अन्य पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

# उपभोक्त आयोग ने जले वाहन की बीमा राशि देने कम्पनी को दिया आदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 14 जून।** बीमा कम्पनी द्वारा जलकर क्षतिग्रस्त हुये वाहन की बीमा क्षतिपूर्ति की राशि नहीं देने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने बीमा कम्पनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए वाहन की बीमा क्षतिपूर्ति राशि 65000 रुपये ब्याज सहित एवं अन्य व्यय प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक रामलाल डहरिया अपनी बाईक से दिनांक 10 जून 2024 को जिला कलेक्टर कार्यालय बलौदाबाजार गया जहां पर हुये आंदोलन एवं आगजनी में आवेदक की बाईक भी पूरी तरह जल गई थी। दावा प्रस्तुत करने पर बीमा कम्पनी ने सर्वेक्षण नहीं कराये जाने की बहानेबाजी करते हुये दावा नो-क्लेम कर दिया। आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत करने पर आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल एवं सदस्य हरजीत सिंह आहूजा व शारदा सोनी ने उभय पक्ष की सुनवाई पश्चात् इस मामाले में इफ्को टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर को सेवा में कमी का आंशिक दोषी मानते हुए बीमा कंपनी इफ्को टोकियो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड रायपुर को बीमा क्षतिपूर्ति की राशि 65000 एवं आदेश दिनांक से अदायगी दिनाक तक 6 प्रतिशत वार्षिक दर से व्याज एवं मानसिक तथा आर्थिक क्षति के रूप में 5000 रुपये एवं वाद व्यय के रूप में 2, 000 रूपये आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया।

### महिलाओं से की अभद्र टिप्पणी, वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने लिया एक्शन, दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा 14 जून।** कोरबा शहर में राह चलती महिलाओं पर टीका-टिप्पणी और अभद्र व्यवहार का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद कोरबा पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई की है। वायरल वीडियो में दो युवक मोटरसाइकिल से गुजरती महिलाओं पर अशोभनीय टिप्पणी करते नजर आ रहे थे।

पुलिस ने वायरल वीडियो में दिख रहे मोटरसाइकिल नंबर सीजी-12बीएल-1770 के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। गिरफ्तार युवकों में दीपक कुमार खुटे (पिता दृ शत्रुघ्न लाल खुटे, उम्र 25 वर्ष, निवासी दृ सैंडल, थाना दृ उरगा, जिला दृ कोरबा) और सुरेंद्र कुर्रे (पिता-तिहारू राम कुर्रे, उम्र 20 वर्ष, निवासी,चांपा जगदल्ला, अंबेडकर चैक, थाना-चांपा, जिला जांजगीर-चांपा) शामिल हैं।

# टीबी मरीजों को पोषक आहार प्रदान करने पर निक्षय मित्र प्रमाण पत्र प्रदान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 14 जून।** राष्ट्रीय (टीबी) क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजों को पोषण आहार उपलब्ध कराने हेतु निक्षय मित्र योजना अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भाटापारा विकासखंड में सामाजिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस क्रम में एसडीएम अभिषेक गुप्ता एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु वर्मा ने टीबी मरीजों को पोषक आहार प्रदान कर मानवता की मिसाल कायम की। इस सराहनीय योगदान के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निक्षय मित्र प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा यह प्रमाण पत्र सम्मानपूर्वक सौंपा गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। यह प्रयास न केवल मरीजों को सहयोग प्रदान करता है, बल्कि समाज में जागरूकता और भागीदारी की भावना को भी मजबूती देता है। स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र माहेश्वरी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे भी निक्षय मित्र बनकर टीबी मुक्त भारत अभियान में सहभागी बने।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.) (जल जीवन मिशन)

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य - पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र 'ए' में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो. स्वा.यां. विभाग रायपुर छ.ग. के **यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 पर आमंत्रित की जा रही है। निविदाएं पूर्व में कार्यादेशित ठेकेदार के द्वारा कार्य पूर्ण नहीं कर पाने के कारण कार्य निरस्त कर पुनः शेष बचे कार्यों पर आधारित है।** ठेकेदार निविदाएं साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें। आमंत्रित निविदाएं निम्नानुसार है-(Risk & Cost)

| क्र. | निविदा क्रमांक/दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकास खण्ड | ग्राम | कार्य की लागत (रू. लाख) | निविदा कॉल | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 47/06.06.2025 | 169859 | USOOR | FUTKEL | 10.48 | $2^{nd}$ call | 7860/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date) **21.06.2025** तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि (Bid start date) **09.06.2025** से है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**जी-252601535/3**

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्या यांत्रिकी खण्ड बीजापुर**



## कार्यालय, नगर पालिका परिषद भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### नामांतरण प्रकाशन सूचना, सूची माह- जून 2025

पृ. क्र. 563/रा.वि./मु.न.अ./2025 — भाटापारा, दिनांक-13/06/2025

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नामांतरण किये जाने हेतु निम्नलिखित 15 आवेदन प्राप्त हुए हैं।जिनका नामांतरण सूचना दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन किया जा रहा है। यदि उपरोक्त नामों के प्रकाशन में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर लिखित में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

| क्र. | विक्रेता | क्रेता | वार्ड | खसरा नं. | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्री हरभजन कौर टुटेजा पति स्व. सोहन सिंग टुटेजा निवासी मुशी इस्माईल वार्ड भाटापारा द्वारा मु.आम श्री राजा सिंह टुटेजा पिता स्व. सोहन सिंग टुटेजा | श्रीमती हरप्रीत कौर टुटेजा पति राजा सिंह टुटेजा निवासी मुंशी-इस्माईल वार्ड भाटापारा | श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड | ख.नं. 669/5 (संशोधित ख.न. 669/28) क्षे. 0.2490 हे. में से 0.1718 हे. 18492 व.फी. व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तित भूमि | दान पत्र |
| 2 | श्रीमती कौशिल्या देवी शुक्ला पति स्व. सुशीलकुमार शुक्ला निवासी ईश्वरी प्रसाद धुरंधर वार्ड भाटापारा द्वारा मु.आम जयवर्धन शुक्ला पिता डा. सुशील कुमार शुक्ला | श्रीमती किरण यादव पति ईश्वर प्रसाद यादव निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड भाटापारा | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड | ख.नं. 500/2 का टु. क्षे. 0.1558 हे. में से 111.52 व.मी./1200 व.फी. आवासीय खुला भुखण्ड | बैनामा |
| 3 | वसुंधरा ग्रुप भागीदारी संस्था श्री संदीप गोयल पिता गोपाल प्रसाद गोयल श्री जयकिशन शर्मा पिता स्व. रामदयाल शर्मा निवासी नेहरू/सुभाष वार्ड भाटापारा द्वारा मु.आम श्री दरवेश हबलानी पिता मुरलीधर हबलानी | अंजली सोनी पिता संतोष सोनी निवासी के.के. वार्ड भाटापारा | श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड | ख.नं. 426/3 का टु. (संशोधित ख.न. 426/11) क्षे. 0.0924 हे. में से 92.93 व.मी./1000 व.फी. आवासीय खुला भुखण्ड | बैनामा |
| 4 | वसुंधरा ग्रुप भागीदारी संस्था श्री संदीप गोयल पिता गोपाल प्रसाद गोयल श्री जयकिशन शर्मा पिता स्व. रामदयाल शर्मा निवासी नेहरू/सुभाष वार्ड भाटापारा द्वारा मु.आम श्री दरवेश हबलानी पिता मुरलीधर हबलानी | श्रीमती मधु सोनी पति राजेन्द्र सोनी निवासी परशुराम वार्ड भाटापारा | श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड | ख.नं. 426/3 का टु. (संशोधित ख.न. 426/10) क्षे. 0.0924 हे. में से 92.93 व.मी./1000 व.फी. आवासीय खुला भुखण्ड | बैनामा |
| 5 | श्री राधेश्याम आर्य पिता स्व. गोविन्दराम आर्य श्री अशोक किंगरानी पिता सुदामाचंद निवासी संत कवंरराम भाटापारा | श्रीमती लता सोनी पति शंकरलाल सोनी निवासी महावीर वार्ड भाटापारा | सुभाष वार्ड | ख.नं. 849/67 का टु. (संशोधित ख.न. 849/79) क्षे. 0.0832 हे. में से 92.93 व.मी./1000 व.फी. परिवर्तित खुली भूमि | बैनामा |
| 6 | श्री राधेश्याम आर्य पिता स्व. गोविन्दराम आर्य श्री अशोक किंगरानी पिता सुदामाचंद निवासी संत कवरराम भाटापारा | श्री राजेश सोनी पिता सनत कुमार सोनी निवासी सुभाष वार्ड भाटापारा | सुभाष वार्ड | ख.नं. 849/67 का टु. (संशोधित ख.नं. 849/80) क्षे. 0.0832 हे. में से 69.70 व.मी./750 व.फी. परिवर्तित खुली भूमि | बैनामा |
| 7 | श्री जगदीश लाल सेठी वगैरह निवासी भगतसिंग वार्ड भाटापारा द्वारा मु.आम श्री मुकेश वर्मा पिता कांशीराम वर्मा | खुर्शीद अहमद पिता नीजाम अहमद निवासी संत रविदास वार्ड भाटापारा | भगतसिंह वार्ड | शीट क्र. 17-बी, ख.नं. 324/1, भू.क. 31/1 का टु.क्षेत्र. 3391 व.फी. में से 1277 व.फी. खुला भूखण्ड | बैनामा |
| 8 | श्री हरीश राजपाल पिता हरबंश राजपाल वगैरह निवासी वृंदावन कालोनी भाटापारा | श्री धनंजय गुप्ता पिता मुरारीलाल गुप्ता निवासी सदर बाजार संजय वार्ड भाटापारा | श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड | ख.नं. 94/33 क्षे. 0.0120 हे./1293 व.फी. आवासीय खुला भूखण्ड | बैनामा |
| 9 | मु. बेलबाई बेवा मघजी भाई जैन निवासी स्टेशन वार्ड भाटापारा | श्रीमती दक्षा मोता पति मनीष मोता निवासी स्टेशन वार्ड भाटापारा | भाटापारा | शीट क्र. 12-बी, ख.न. भू.क्र. 131/3 क्षेत्र. 861 व.फी. व्यपवर्तित भूखण्ड | वसीयतनामा न्याया.आदेश |
| 10 | श्री हीरालाल साहू पिता रामभरोस साहू निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा | श्रीमती संतोषी बाई साहू पति राजू साहू निवासी महावीर वार्ड भाटापारा | श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड | ख.नं. 689/6 क्षे. 0.008 हे./820 व.फी. व्यपवर्तित खुला भूखण्ड | बैनामा |
| 11 | श्री राममोहन त्रिवेदी पिता स्व. हरिशंकर त्रिवेदी निवासी गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा | श्री विनोद कुमार त्रिवेदी पिता राममोहन त्रिवेदी निवासी गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा | परशुराम वार्ड | ख.नं. 309/31, 310/25 शामिल क्षे. 0.0140 हे./1500 व.फी. आवासीय खुला भूखण्ड | दान पत्र |
| 12 | श्री सुनील बगवानी पिता अशोक बगवानी निवासी महासती वार्ड भाटापारा | श्री सतीश सिंह मारकण्डेय पिता मदनसिंह मारकण्डेय निवासी परशुराम वार्ड भाटापारा | श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड | ख.नं. 15000/4, का टु. क्षे. 0.1110 हे. में से/1125 व.फी. आवासीय खुला भूखण्ड | बैनामा |
| 13 | श्री श्यामसुंदर अग्रवाल पिता स्व. जगन्नाथ अग्रवाल निवासी बलभद्र वार्ड भाटापारा | श्री गोविन्द लाल अग्रवाल पिता स्व. जगन्नाथ अग्रवाल निवासी बलभद्र वार्ड भाटापारा | बलभद्र वार्ड | शीट क्र. 6, ख.नं. 287/3, भू.क्र. 14 का टु. (संशोधित भू.क. 14/2) क्षेत्र. 2475 व.फी. भूखण्ड | विभाजन पत्र |
| 14 | स्व. श्री गोवर्धनदास अग्रवाल पिता रामेश्वर अग्रवाल निवासी बलभद्र वार्ड भाटापारा | श्री नरेश कुमार अग्रवाल पिता पिता स्व. गोवर्धन दास अग्रवाल निवासी बलभद्र वार्ड भाटापारा | बलभद्र वार्ड | शीट क्र. 6, भू.क्र. 66 क्षेत्र. 12550 व.फी. भूखण्ड | वसीयतनामा न्याया.आदेश |
| 15 | फर्म भाटिया वाटिका स.इन्दरपाल सिंह भाटिया पिता हरबंश सिंह भाटिया निवासी जगतपुर, तह. रायगढ़, जिला रायगढ छ.ग. द्वारा मु. आम स.गुरविन्दर सिंह भाटिया पिता अमोलक सिंह भाटिया | श्रीमती पद्मकांता कौशिक पति रामचन्द्र कौशिक निवासी ग्राम अमसेना, पो. सकर्रा, तह. तखतपुर, बिलासपुर | मुंशी इस्माईल वार्ड | ख.नं. 96/1, 96/5, 132/1, 133, 134/3, 135/3, 136/4, 136/5, 137/3, 137/4 शामिल का टु. (संशोधित ख.न. 96/40) क्षे. 600 व.फी. आवासीय परिवर्तित खुला भुखण्ड | बैनामा |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, भाटापारा**

## एक नजर

### 33 हजार शिक्षकों की भर्ती नहीं होने पर डीएड, बीएड अहर्ताधारी 21 को निकालेंगे रैली

**रायपुर, 14 जून।** छग प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड कलासंकाय व्यायाम शिक्षक लाइब्रेरियन एवं छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारी युवाओं को जिनकी संख्या पूरे प्रदेश में 33 हजार से भी अधिक है कि भर्ती के लिए तत्कालीन शिक्षा मंत्री एवं रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने विधानसभा में तत्काल भर्ती की घोषणा की थी जिसे आज कल पूरा नहीं किया जा सका है। वर्तमान विष्णुदेव सरकार की सरकार दो हजार 8 के सेटअप में बदलाव पर शिक्षकों के पद खत्म कर रही है। सरकार ने अपना वायदा जल्द पूरा नहीं किया तो संघ के शिक्षक 21 जून को कटोरा तालाब से मरीन ड्राइव तक रैली निकालकर शासन की भर्ती प्रक्रिया युक्तियुक्तकरण का कड़ा विरोध करेंगे। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता संघ के अध्यक्ष दाऊद खान और ललित कुमार ने दी।

### पिकअप वाहन ने बुजुर्ग को रौंदा

**रायपुर, 14 जून।** लालपुर जियो पेट्रोल पंप के पास अज्ञात पिकअप वाहन ने बुजुर्ग को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक परसराम सिक्का 70 वर्ष न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला था। बताया जाता है कि परसराम पैदल कहीं जा रहा था, तभी लालपुर जियो पेट्रोल पंप के पास अज्ञात पिकअप वाहन ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में टिकरापारा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### गांजा के साथ अधेड़ गिरफ्तार

**रायपुर, 14 जून।** गोबरानवापारा पुलिस ने ग्राम जौंदा में दबिश देकर एक अधेड़ के पास से 1 किलो 964 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोबरानवारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम जौंदा नवापारा में दबिश देकर आरोपी रामकुमार सागरवंशी 53 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 किलो 964 ग्राम गांजा जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव 15 को आएंगे रायपुर, 16 को लेंगे संगठन की बैठक

**रायपुर, 14 जून।** शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव अभिजीत अड़सूल 15 जून रविवार को रात्रि नौ बजे रायपुर आ रहे हैं। वे दीनदयाल उपाध्याय सभागार में 16 को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे के मध्य शिवसेना संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक में शामिल होंगे। बैठक में संगठन के विस्तार एवं अन्य मुद्दों पर गहन चर्चा होगी। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में शिवसेना के प्रवक्ता संतोष शुक्ला रायपुर जिला अध्यक्ष दिनेश ठाकुर एवं संजय नाग ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में ठाकुर ने बताया कि 15 जून को रात 9 बजे शिवसेना के पदाधिकारी कारों में बैठकर एयरपोर्ट पहुंचकर राष्ट्रीय सचिव का स्वागत करेंगे। अभिजीत रात्रि विश्राम होटल बेबीलोन इन में करेंगे। दूसरे दिन 16 जून सोमवार को सुबह 10 बजे शिवसेना के पदाधिकारी होटल से रैली की शक्ल में बाजे गाजे के साथ आतिशबाजीकरते हुए डीडी सभागार पहुंचेगे।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 14 जून।** गोलबाजार और खमतराई थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कुंदरापारा गुढ़ियारी निवासी मोहम्मद साहनवाज 32 वर्ष ने गोलबाजार थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमयू 5146 को रविभवन के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं कविलाश नगर भनपुरी निवासी देवानंद वैष्णव 34 वर्ष ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 09 जेएल 6729 को भनपुरी शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अधिक पैसा कमाने का झांसा देकर 44 हजार से अधिक की ठगी

**रायपुर, 14 जून।** गेमिंग टास्क पूरा करने पर रकम बढ़कर पैसा मिलने का झांसा देकर युवक से 44456 रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पंकज कुमार गुप्ता 36 वर्ष पारस नगर गंज का रहने वाला है। बताया जाता है कि देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड एप से प्रार्थी को टेलीग्राम एप पर लिंक आया। जिसमें गेमिंग टास्क पूरा करने के लिए रकम डालने पर रकम बढ़कर मिलता है। जिससे प्रार्थी उक्त लिंक के झांसे में आकर क्लिक किया और फिर बताए गए खाते में 44456 रुपए जमा करवा लिया ठगी के वारदात को अंजाम दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## साव ने कहा -साक्ष्य के आधार पर ईडी की कार्रवाई

# छग में ईडी की बड़ी कार्रवाई, कांग्रेस दफ्तर के साथ पूर्व मंत्री व बेटे के मकान अटैच





**रायपुर, 14 जून।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में ईडी ने सुकमा कांग्रेस भवन अटैच किया है, इसके साथ ही जेल में बंद पूर्व मंत्री कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा की संपत्ति भी अटैच की है।

कांग्रेस कार्यालय कुर्क करने पर कांग्रेस ने इसका विरोध जताया है. छत्तीसगढ़ पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने सेंट्रल एजेंसियों पर भाजपा के इशारे में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ये घोर आपत्तिजनक है। मेल के माध्यम से सूचना मिली कि सुकमा कांग्रेस कार्यालय को अटैच किया गया है। साथ ही पूर्व मंत्री और विधायक कवासी लखमा की संपत्ति को अटैच किया गया है। कांग्रेस कार्यालय की जितनी भी जानकारी मांगी थी वो हमने रिटर्न उपलब्ध करा दिया था। कार्यकर्ताओं की मेहनत से कांग्रेस भवन बना है। इधर कांग्रेस के विरोध पर छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव ने इसे साक्ष्यों के आधार पर ईडी की कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा, ईडी की कार्रवाई निष्पक्षता पर चल रही है। साक्ष्य के आधार पर ईडी कार्रवाई कर रही है। ईडी ने साक्ष्य पेश करने और डॉक्यूमेंट करने का पूरा मौका दिया। साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई कर रही है।

### कांग्रेस भवन पर लगाया ताला

ईडी ने सुकमा के कांग्रेस भवन पर ताला लगा दिया है। कांग्रेस ने इसे सियासी साजिश बताया है। प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने बड़ा एक्शन लेते हुए कांग्रेस नेता और जेल में बंद पूर्व कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा की 6 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच कर दी है। ईडी की इस कार्रवाई में सुकमा स्थित कांग्रेस कार्यालय भवन को भी अटैच किया गया है, जो लखमा परिवार के स्वामित्व में बताया जा रहा है।

### ईडी का एक्शन द्वेषपूर्ण: बैज



बैज ने आगे कहा, इस तरह से राजनीतिक द्वेष से कार्रवाई करना ठीक नहीं है। पूर्व मंत्री की संपत्ति और उनके बेटे की संपत्ति को अटैच किया गया है ये बिल्कुल भी ठीक नहीं है। कांग्रेस इसका विरोध करती है। सीनियर नेताओं से चर्चा के बाद इस पर पार्टी आगे फैसला करेगी।

#### अचल संपत्तियों में किया था निवेश

अटैच की गई संपत्तियों में सुकमा स्थित बहुमूल्य भूमि, भवन और बैंक खातों में जमा राशि भी शामिल है, जिसे ईडी ने जब्त किया है। बता दें कि ईडी ने कवासी लखमा को प्रोटेक्शन मनी के तौर पर हर महीने दो करोड़ रुपये मिलने की बात पहले ही कह चुकी है।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवसः शान्ति सरोवर में 15 से सात दिनी योग महोत्सव

**रायपुर, 14 जून।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा 15 से 21 जून तक विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर में योग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का शुभारम्भ रविवार, 155 जून को सुबह 7 बजे होगा। विषय हैः एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए योग। समारोह में राजस्व, आपदा प्रबन्धन, युवा एवं खेलकूद मंत्री टंकराम वर्मा, योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम और पं. रविशंकर शुक्ला वि.वि. के कुलपति प्रो. सच्चिदानन्द शुक्ला भाग लेंगे। मूल वक्तव्य ब्रह्माकुमारी चन्द्रकला दीदी का होगा और अध्यक्षता रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी करेंगी। उल्लेखनीय है कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा विगत 39 वर्षों से माह के तीसरे रविवार को पूरे विश्व के 140 देशों में एक साथ और एक ही समय पर सामूहिक योग किया जाता रहा है। इस दिन शाम को 6.30 बजे सारे विश्व में सभी ब्रह्माकुमार और ब्रह्माकुमारियाँमिलकर राजयोग के अभ्यास के द्वारा सारे विश्व में शान्ति के प्रकम्पन फैलाते हैं।



### 22 जून से नि:शुल्क राजयोग अनुभूति शिविर

राजयोग सीखने के इच्छुक लोगों के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर और चौबे कालोनी स्थित सेवाकेन्द्र में प्रतिदिन दो सत्रों में सुबह 7 से 8.00 एवं शाम को 7 से 8.00 बजे नि:शुल्क सात दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन किया गया है। अपनी सुविधानुसार किसी एक सत्र का चयन कर लाभ लिया जा सकता है।

## रावांभाठा में कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट

# 100 करोड़ का निवेश करेगा भारत पेट्रोलियम

- प्लांट के लिए नगर निगम, सीबीडीए और बीपीसीएल के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर

**रायपुर, 14 जून।** कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की उपस्थिति में नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। 'सततयोजना के अंतर्गत इस अनुबंध के तहत रावांभाठा में बीपीसीएल लगभग 100 करोड़ रुपए के निवेश से कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट स्थापित किया जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा रियायती दर पर भूमि भी उपलब्ध कराई जाएगी।

नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार इस अवसर पर कलेक्टर गौरव सिंह व नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने अनुबंध में हस्ताक्षर किए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इसके वीआईपी दर पर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।

**रोजगार सृजित होंगे और 1 करोड़ जीएसटी प्राप्त होगा**-निगम द्वारा मिली जानकारी के अनुसार एवं आसपास के नगर निगमों के लगभग 150 मिट्रिक टन प्रतिदिन नगरीय ठोस अपशिष्ट का उपयोग जैव ईंधन उत्पादन में किया जाएगा। प्लांट से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 30 हजार मानव दिवस प्रतिवर्ष रोजगार सृजित होंगे। प्लांट निर्माण के दौरान भी रोजगार के अवसर पैदा होंगे।



### गोकुल नगर, अवैध रोड को काटकर अवैध निर्माण पर कारगर रोक लगायी

**रायपुर, 14 जून।** नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 7 नगर निवेश विभाग द्वारा आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और एसडीएम रायपुर नन्द कुमार चौबे, तहसीलदार प्रवीण परमार, जोन 7 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता श्री ईश्वर लाल टावरे, उप अभियंता नगर निवेश सुश्री रुचिका मिश्रा की उपस्थिति में जोन 7 क्षेत्र अंतर्गत गोकुल नगर नया सवेरा स्कूल के पास अवैध रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से काटकर अवैध निर्माण पर तत्काल कारगर रोक लगायी गयी और प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निराकरण किया गया।

## प्रदेश के सभी आदिवासीय क्षेत्रों में घर पहुंचकर होगा आयुष्मान कार्ड पंजीयन

- जनजातीय समुदाय के लिए 15 जून से राज्य में विशेष अभियान

**रायपुर, 14 जून।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, भारत सरकार के निर्देश पर वर्तमान वर्ष को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। आगामी 15 से 30 जून तक धरती आबा, जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आयोजित होगा।

जिसमें राज्य के महत्वपूर्ण विभाग भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। विशेष तौर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधीनस्थ कार्यरत राज्य नोडल एजेंसी द्वारा पूरे प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में छूटे जनजातीय समाज के लोगों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जाएगा।



### छग धरती आबा, जानजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुसार इन समस्त गांवों में प्रत्येक घर तक पहुंचना है। जिसका उद्देश्य भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित अलग-अलग योजनाओं से आदिवासियों को हर हाल में जोड़ना है। जिसके लिए आगामी 15 से 30 जून तक आदिवासी विकास विभाग छग धरती आबा, जानजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाने जा रहा है।

### घर-घर पहुंचकर बनाएगें आयुष्मान कार्ड

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से जनजातीय समूहों को जोड़ने के लिए राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। 15 जून से मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत कर्मियों के जरिए ऐसे

## लक्ष्य से 42 हजार यूनिट अधिक रक्त संग्रह

# 116 प्रतिशत उपलब्धि के साथ देशभर में मिसाल बना छत्तीसगढ, मॉडल पूरे भारत के लिए उदाहरण



### रक्तदान की स्थिति: एक दृष्टि में

| साल | संग्रहण (यूनिट में) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 2019 | 202,30,154 | 90 |
| 2020-21 | 2,00,603 | 79 |
| 2021-22 | 1,87,727 | 74 |
| 2022-23 | 2,34,480 | 92 |
| 2023-24 | 2,48,450 | 97 |
| 2024-25 | 2,97,130 | 116 |

**रायपुर, 14 जून।** विश्व रक्तदाता दिवस पर छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। प्रदेशवासियों ने स्वैच्छिक रक्तदान को केवल एक स्वास्थ्य सेवा नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाया। लक्ष्य से अधिक रक्त संग्रह कर राज्य ने यह सिद्ध कर दिया कि जब समाज का हर वर्ग एक उद्देश्य से जुड़ता है, तो परिणाम असाधारण होते हैं। इस अवसर पर प्रदेश में सेवा और संकल्प का ऐसा समन्वय देखने को मिला, जिसने रक्तदान को एक जनआंदोलन का रूप दे दिया।

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ ने सिर्फ एक स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं चलाया स्वैच्छिक रक्तदाताओं की सक्रिय भागीदारी से छत्तीसगढ़ ने रक्त संग्रह में हासिल की राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि बल्कि एक ऐसा जनांदोलन खड़ा किया, जिसने सेवा, संकल्प और सामुदायिक चेतना का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किया। यह महज़ सरकारी आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि जनमानस की संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व का प्रमाण है। राज्य ने 2.55 लाख यूनिट के वार्षिक लक्ष्य के मुकाबले 2 लाख 97हज़ार 130 यूनिट रक्त संग्रह कर 116 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है, जो राष्ट्रीय स्तर पर भी एक प्रेरणादायक कीर्तिमान है।

**36 शासकीय ब्लड बैंकों के माध्यम से हुए इस रक्त संग्रह**-यह आँकड़ा जितना बड़ा है, उसका सामाजिक और नैतिक आयाम उससे कहीं व्यापक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो किसी भी राज्य को अपनी 1 प्रतिशत जनसंख्या के बराबर रक्त की वार्षिक आवश्यकता होती है। यह सफलता कोई संयोग नहीं, बल्कि सुव्यवस्थित योजना, सामुदायिक सहभागिता और जनजागरूकता का परिणाम है।

## समाचार संक्षेप



द ट्रेटर्स एक ऐसा मंच, जहां किसी तरह दिखावे की जरूरत नहीं: अपूर्वा मखीजा

### अब सभी कर्मचारियों को शाम 5:30 बजे तक कार्यालय में पड़ेगा रहना, आदेश जारी

**रायपुर, 14 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार ने सरकारी दफ्तरों की कार्यसंस्कृति में सुधार लाने के लिए एक नया निर्देश जारी किया है। इसके तहत राज्य के सभी सरकारी कर्मचारियों को अब सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक कार्यालय में अनिवार्य रूप से मौजूद रहना होगा। यह निर्देश 15 जून 2025 से लागू होगा। इसके अनुसार, सभी नियमित, संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को आधार-आधारित उपस्थिति प्रणाली के जरिए प्रतिदिन समय पर हाजिरी लगानी होगी। कर्मचारी अपने मोबाइल फोन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण कर उपस्थिति व प्रस्थान दर्ज करेंगे। सरकार ने सभी विभागीय प्रमुखों को निर्देश दिया है कि वे एनआईसी के तकनीकी सहयोग से इस प्रणाली को समय पर लागू करवाएं और आवश्यक तकनीकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि उपस्थिति दर्ज करने में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी के साथ-साथ संस्थान प्रमुख को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा। इस पूरी व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाएगी। सरकार का कहना है कि यह कदम कार्यस्थलों पर अनुशासन बनाए रखने और कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### डामर फैक्ट्री में भीषण आग का तांडव, इलाके में मचा हड़कंप

**रायपुर, 14 जून।** राजधानी के उरला इलाके में शनिवार को डामर फैक्टरी में भीषण आग लग गई. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया.

- करोड़ों के नुकसान की आशंका, दमकल वाहन मौके पर पहुंची

बालाजी कार्बन एंड रिफैक्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के फैक्ट्री में आग की सूचना के बाद दमकल की वाहन बुझाने की कोशिश जारी है. आग की लपटें इतनी तेज हैं कि काला धुंआ दूर तक फैल गया है. घटना उरला थाना इलाके की है. जानकारी के मुताबिक, बोरझरा स्थित बालाज कार्बन एंड राइफेक्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड की डामर फैक्ट्री में अचानक आग लग गई. फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है. मौके पर स्थानीय प्रशासन, पुलिस मौजूद है. फिलहाल आग बुझाने के लिए दमकल की कई वाहनें जुटी हुई है. फैक्ट्री में आग लगने से करोड़ों के नुकसान की आशंका जताई जा रही है. हालांकि राहत की बात यह है कि फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है.

### पुलिस अधीक्षक ने पुलिस जवानों की समस्याएं सुनकर किया तत्काल निराकरण

**रायपुर, 14 जून।** पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह (आईपीएस) द्वारा आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ओ.आर. के अंतर्गत पुलिस विभाग के विभिन्न थाना-चौकी में पदस्थ जवानों से सीधा संवाद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान जवानों की व्यक्तिगत, प्रशासनिक और सेवा संबंधी मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह ने जवानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए कई प्रकरणों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया। उन्होंने जवानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पुलिस विभाग में कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बल का अभिन्न अंग हैं, और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने जवानों से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों का पालन पूर्ण निष्ठा और अनुशासन के साथ करें तथा जन सेवा में तत्पर रहें। पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह ने कहा कि हर पुलिस जवान हमारी सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ है। यदि हम उनकी समस्याओं को समय पर नहीं सुनेंगे और हल नहीं करेंगे, तो कार्य की गुणवत्ता और मनोबल पर असर पड़ेगा। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक जवान तक पहुँच बनाते हुए, उनकी बात को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना जाए और यथासंभव त्वरित निराकरण किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देश दिए कि भविष्य में भी इस तरह के संवादात्मक आयोजन होते रहें, जिससे जवानों की समस्याएं सीधे शीर्ष अधिकारियों तक पहुंच सकें और विभागीय माहौल सकारात्मक बना रहे।

### महिला को शादी का प्रलोभन देकर बलात्कार,आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 14 जून।** राजधानी की गुढियारी थाना पुलिस ने महिला को शादी का प्रलोभन देकर दो वर्षो तक उसके साथ बालात्कार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रेम नगर गुढियारी में अपने दो बच्चों के साथ रहने तथा सुयश हास्पीटल में प्रायवेट नौकरी करने वाली एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह उसके पुत्र ने कुत्ता पालने की इच्छा जाहिर करने पर मन बहलाने हेतु बच्चों के जीद करने पर अनिकेत नाम परिचित जिनके पास एक जर्मन शेफर्ड कुत्ता था अजय सोनी का मोबाइल नम्बर लिया और एक जर्मन शेफर्ड खरीदा जिसकी देखरेख की जानकारी अजय सोनी समय - समय पर फोन पर दिया करता था अजय सोनी की प्रार्थिया से निजी बातें करने लगा था, दिनांक 13.11.2022 को अपने पति के बर्षी कार्यक्रम में प्रार्थिया ने अजय सोनी को भी आमंत्रित किया था। कार्यक्रम पश्चात आरोपी अजय सोनी ने प्रार्थिया से कहा कि वे मुझे काफी पसंद करता है और शादी करना चाहता है, आरोपी ने अपने विवाहित होने की बात को छिपाते हुए शादी करने का प्रस्ताव रखकर तुम्हारे बच्चों व परिवार को अपनाकर तुमसे शादी करूंगा कहकर मना करने के बाद भी शारीरिक संबंध बनाया प्रार्थिया के साथ आरोपी द्वारा विधवा होने का फायदा उठाकर शादी का झुठा प्रलोभन देकर लगातार 2 साल तक अलग-अलग अवसरों पर शारीरिक संबंध बनाता रहा।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26